सोमवार, 30 जून 2025

मौसम

तापमान 26 – 32
आर्द्रता 77%
सूर्योदय: 4:55 सूर्यास्त: 18:25

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : किसी के दिल में जगह बना लेना जीवन की सबसे बड़ी कामयाबी है।



मानसून पूरे देश में पहुंचा : उत्तराखंड में बादल फटने से दो लोगों की मौत,कई राज्यों में रेड अलर्ट जारी पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

कसबा सामूहिक दुष्कर्म

# कोलकाता पुलिस ने मामले में एसआईटी सदस्यों की संख्या बढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के सदस्यों की संख्या बढ़ा दी गई है। पहले इस जांच टीम में कुल पांच लोग शामिल थे। अब घटना के महत्व को समझते हुए एसआईटी में चार अतिरिक्त लोगों को लाया गया है। नतीजतन, कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में एसआईटी के सदस्यों की संख्या अब कुल नौ हो गई है। यह बात कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव चीफ रूपेश कुमार ने कही। जानकारी के मुताबिक, कोलकाता पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल में एक महिला सब-इंस्पेक्टर भी शामिल है।

### सीसीटीवी में हुई घटना की पुष्टि

पुलिस ने लॉ कॉलेज का लगभग 7.30 घंटे का सीसीटीवी फुटेज निकाला है, जिसमें छात्रा के साथ हुई जबरदस्ती को साफ देखा जा सकता है। इसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कॉलेज के गार्ड को भी हिरासत में लिया है। जब पुलिस ने उन जगहों की सीसीटीवी फुटेज निकाली तो गार्ड को क्राइम सीन के आसपास घूमते हुए देखा गया। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज छात्रा के द्वारा लगाए गए आरोपों से मेल खाते हैं। पुलिस ने दोपहर 3:30 बजे से 10:30 तक का सीसीटीवी फुटेज देखा, जिसमें छात्रा को जबरन गार्ड रूम में ले जाते हुए भी दिखाई दे रहा है। तीनों आरोपी छात्रा को घसीट पर गार्ड रूम में ले जा रहे हैं। अब पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि घटना के वक्त सिर्फ एक ही गार्ड ड्यूटी पर था या फिर एक से ज्यादा गार्ड मौके पर मौजूद थे?

### गार्ड के कमरे से बरामद सैंपल जांच के लिए भेजे गए

एसआईटी ने मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा से वे कपड़े जब्त कर लिए हैं, जो उसने क्राइम के समय पहने हुए थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के कपड़े, मौके से जुटाए सबूत, मोबाइल फोन और सीसीटीवी फुटेज को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने दो अन्य आरोपियों के घरों की भी तलाशी ली है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को उन कपड़ों की तलाश है, जो आरोपियों ने वारदात के समय पहने थे। टीम ने सुरक्षा गार्ड के कमरे से जितने भी सैंपल बरामद किए हैं, सभी को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। घटना की जांच के सिलसिले में पुलिस ने पीड़िता व तीनों आरोपितों के डीएनए नमूने लिए हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि इसकी रिपोर्ट इस घटना की जांच में अहम होगी।

## अभया मंच के नागरिक समाज की रैली को पुलिस ने रोका



आरजी कर पीड़िता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ने वाले अभया मंच से जुड़े नागरिक समाज के सदस्यों ने लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में कसबा थाने के समक्ष प्रदर्शन किया। सामाजिक कार्यकर्ता रिमझिम सिन्हा और लेखिका-कार्यकर्ता शताब्दी दास ने प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किया, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं और सुरक्षा की मांग कर रही थीं। अभया मंच ने गरियाहाट से हाजरा मोड़ तक भी रैली निकाली जिसे पुलिस ने लेक मॉल के पास रोक दिया। पुलिस के इस कदम से प्रदर्शन कर रहे नागरिक रोष में आ गए और इसपर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस किस हद तक डरी हुयी है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। उन्होंने कहा की यह एक शांतिपूर्ण प्रतिवाद प्रदर्शन था लेकिन पुलिस प्रशासन को इसमें भी अपने आकाओं का आदेश मन्ना था। इस विषय पर पुलिस की ओर से कहा गया कि प्रदर्शन के लिए आधिकारिक तौर पर कोई अनुमति नहीं ली गयी थी, इस लिए इसे रोकना पड़ा।

## रूस ने यूक्रेन पर सबसे घातक हवाई हमला किया

**कीव :** रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेन के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रात में किया गया हमला देश पर 'सबसे बड़ा हवाई हमला' था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइल दागी गईं। सेना के मुताबिक इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से 95 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं: प्रधानमंत्री मोदी

सरकार की योजनाओं ने लोगों में आशा और विश्वास बढ़ाया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि करीब 95 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं। मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी को किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा, ''फिलहाल भारत की अधिकांश आबादी किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ उठा रही है और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक बहुत ही महत्वपूर्ण रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी अब निश्चित रूप से किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रही है। मोदी ने कहा, आज देश के लगभग 95 करोड़ लोग किसी-न-किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं, जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं।'' उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश हर क्षेत्र में परिपूर्णता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, यह सामाजिक न्याय की भी एक बेहतरीन तस्वीर है। इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और भी बेहतर होगा। भारत हर कदम पर और भी मजबूत होगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किए जाने को भी उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इस सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। 'ट्रेकोमा' एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो दृष्टिहीनता का एक प्रमुख कारण रहा है। मोदी ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान ने भी इसे खत्म करने में मदद की। जल जीवन मिशन ने भी इस सफलता में बहुत योगदान दिया। आज जब हर घर में नल के जरिए स्वच्छ पानी पहुंच रहा है, तो ऐसी बीमारियों का खतरा कम हो गया है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने भी इस बात की सराहना की है कि भारत ने इस बीमारी से निपटने के साथ-साथ इसके मूल कारणों से भी छुटकारा पा लिया है। मोदी ने अपने कार्यक्रम में, विभिन्न धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले सभी भाग्यशाली श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा पुनः शुरू हुई है। मोदी ने कहा, कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का धाम है। इसे हर परंपरा में आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है, चाहे वह हिंदू हो, बौद्ध हो या जैन हो। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि सावन माह आरंभ होने में कुछ ही दिन बचे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले, हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा भी देखी है। चाहे ओडिशा हो, गुजरात हो या देश का कोई भी कोना हो, लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में भाग लेते हैं। उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम, ये यात्राएं 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना का प्रतिबिंब हैं।

# रेल मंत्रालय ने एसी श्रेणियों के लिए प्रतीक्षा सूची की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत की



### अब रिजर्वेशन चार्ट 4 नहीं बल्कि 8 घंटे पहले होगा तैयार

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रिजर्वेशन चार्ट को ट्रेन के रवाना होने से 4 घंटे नहीं बल्कि आठ घंटे पहले जारी करने का निर्णय लिया है। एक तो वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों के लिए यह एक राहत की खबर है। वहीं दूसरे शहरों में जाकर ट्रेन पकड़ने वालों के लिए भी यह आसान होगा। अब ट्रेन बुकिंग करने के बाद अगर आपकी टिकट वेटिंग लिस्ट में होगी, तो कन्फर्मेशन की जानकारी के लिए आपको लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक नए आदेश में सभी वातानुकूलित (एसी) श्रेणियों के लिए यात्रियों की प्रतीक्षा सूची की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत और गैर-एसी श्रेणियों के लिए 30 प्रतिशत कर दी है। सभी श्रेणियों के यात्रियों की प्रतीक्षा सूची को 25 प्रतिशत तक सीमित करने का आदेश मूल रूप से 17 अप्रैल को सभी जोन के साथ-साथ रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) को जारी किया गया था। 'क्रिस' ने आरक्षण प्रणाली में संशोधन किया और इसे 16 जून से लागू कर दिया। नाम न बताने की शर्त पर रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यात्रा श्रेणियों की कुल सीट/बर्थ के 25 प्रतिशत तक प्रतीक्षा सूची को सीमित करने के आदेश को लागू करने के मात्र 12 दिन बाद ही मंत्रालय को अपनी चूक का एहसास हो गया और उसने अपना निर्णय लगभग पलट दिया। रेल मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी परिपत्र में कहा गया है, ''इस मामले की समीक्षा की गई और 17 अप्रैल 2025 के पूर्व निर्देश के स्थान पर यह निर्णय लिया गया है कि प्रतीक्षा सूची की वर्तमान अधिकतम सीमा को संशोधित कर क्रमशः वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित श्रेणियों के लिए प्रारंभिक और अन्य स्टेशनों पर उपलब्ध प्रत्येक श्रेणी की पुनर्परिभाषित क्षमता का 60 प्रतिशत और 30 प्रतिशत किया जाएगा। इसमें कहा गया है, यह तर्क दूरदराज के स्थानों से प्रतीक्षा सूची वाले टिकट जारी करने के साथ-साथ तत्काल योजना के तहत बुक किए गए टिकटों पर भी लागू होगा।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय की महिला से बलात्कार, पूरे देश में आक्रोश



**ढाका :** बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले में तीन दिन पहले अल्पसंख्यक समुदाय की एक महिला से कथित तौर पर हुए बलात्कार की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को पूरे देश में आक्रोश उत्पन्न हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना के मुख्य संदिग्ध को कई अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमिल्ला जिले के पुलिस प्रमुख नजीर अहमद खान ने कहा कि मुख्य आरोपी को ढाका के सईदाबाद इलाके में तड़के छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया गया तथा चार अन्य को सोशल मीडिया पर महिला की तस्वीर व पहचान उजागर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने घटना की निंदा करते हुए परिसर में मार्च निकाला, जबकि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए समर्पित जगन्नाथ हॉल छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थी ने न्याय की मांग करते हुए जुलूस निकाला। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।

# श्री गुंडिचा मंदिर के निकट भगदड़ में तीन लोगों की मौत, 50 अन्य घायल

- भगदड़ के बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का तबादला, दो पुलिसकर्मी निलंबित



**पुरी :** ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना तड़के लगभग चार बजकर 20 मिनट पर हुई जब हजारों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के निकट एकत्र हुए थे। श्री गुंडिचा मंदिर को भगवान का मौसी का घर माना जाता है। यह मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। हर साल भगवान जगन्नाथ मंदिर से अपनी मौसी के घर यानी श्री गुंडिचा मंदिर जाते हैं। पुलिस के अनुसार, अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के, भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गयी। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवताओं की एक झलक पाने के लिए तड़के से ही मंदिर के बाहर एकत्र हो गए थे, क्योंकि अनुष्ठान के तहत भगवान के चेहरों पर से पाहुड़ा (कपड़ा) हटाया जाना था। मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू (36) और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती (80) और प्रवती दास (42) के रूप में हुई है। उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं और उनका अंतिम संस्कार पुरी के 'स्वर्गद्वार' में किया जाएगा। भगदड़ के बाद कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जिलाधिकारी सिद्धार्थ एस. स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला करने का आदेश दिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि माझी ने दो पुलिस अधिकारियों- डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित करने की भी घोषणा की। उन्होंने विकास आयुक्त की निगरानी में मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश दिए। एक अन्य आदेश में वरिष्ठ नौकरशाह शाश्वत मिश्रा को उनकी वर्तमान जिम्मेदारियों के अलावा मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया।

### पुरी में बेहतर व्यवस्था की जानी चाहिए थी : धर्मेंद्र प्रधान ने मंदिर भगदड़ पर कहा

**कोलकाता :** ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के पास रविवार को भगदड़ में तीन लोगों की मौत पर दुख जताते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मंदिर प्रबंधन को बेहतर इंतजाम करना चाहिए था। ओडिशा से ताल्लुक रखने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के पानिहाटी में 'पीटीआई-वीडियो' से बातचीत में कहा, ''वहां के प्रबंधन को बेहतर इंतजाम करना चाहिए था... मैं अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।''

## 'जनगणना के लिये प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में 31 दिसंबर, 2025 के बाद नहीं होगा बदलाव'

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित परिवर्तन 31 दिसंबर से पहले कर लें, क्योंकि इस दिन तक किए गए बदलाव जनगणना कार्य के लिए अंतिम माने जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा है कि जनगणना के लिए सभी गांवों और कस्बों को एक समान गणना प्रखंडों में विभाजित किया जाता है और प्रत्येक प्रखंड के लिए एक गणक (गणना करने वाला) नियुक्त किया जाता है, ताकि जनसंख्या की गणना के दौरान किसी भी चूक या दोहराव से बचा जा सके। नियमों के अनुसार, जनगणना प्रशासनिक इकाइयों जैसे जिला, उप-जिला, तहसील, तालुका और थाना की सीमा निर्धारित होने के तीन महीने बाद ही की जा सकती है। नारायण ने कहा कि एक अप्रैल 2026 से घर सूचीकरण कार्य, पर्यवेक्षकों और गणकों की नियुक्ति एवं उनके बीच कार्य विभाजन किया जाएगा तथा एक फरवरी 2027 से जनगणना शुरू होगी। पत्र में कहा गया है कि एक बार गणना प्रखंडों को अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। मुख्य सचिवों को लिखे अपने पत्र में नारायण ने उनसे सभी विभागों को नगर निगमों, राजस्व गांवों, तहसीलों, उप-विभागों या जिलों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित बदलाव 31 दिसंबर से पहले कर लेने का निर्देश देने को कहा।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com




A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## कारोबार नहीं जनकल्याण हो प्राथमिकता

जीवन में असुरक्षा, स्वास्थ्य व अपनों के भविष्य की तमाम चिंताओं से मुक्ति के लिये कोई व्यक्ति बीमा का सुरक्षा कवच लेने को बाध्य होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह विश्वास होता है कि ऊंच-नीच के वक्त में यह बीमा मददगार साबित होगा। लेकिन विडंबना यह है कि जिस बीमा क्षेत्र का आधार विश्वास होना चाहिए, उसको लेकर पॉलिसी धारकों में लगातार अविश्वास बना रहता है। बीमा कराने वाले एजेंटों और कंपनियों की ढकी-छिपी शर्तें उपभोक्ताओं के मन में अकसर संशय के बीज बोती हैं। जब बीमाधारकों को पॉलिसी का लाभ लेने का वक्त आता है तो उन्हें तमाम जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। हाल में आयोजित किए गए सर्वेक्षण ने इस वास्तविकता पर मोहर ही लगायी है। सर्वेक्षण बीमा क्षेत्र की तमाम विसंगतियों को उजागर ही नहीं करता बल्कि एक कठोर वास्तविकता की ओर भी इशारा करता है। सर्वेक्षण का निष्कर्ष है कि बीमा क्षेत्र में व्याप्त तमाम विसंगतियों को दूर करने के लिये लगातार निगरानी करने वाले एक सख्त नियामक तंत्र की आवश्यकता है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष कई गंभीर खामियों की ओर इशारा करते हैं। इसके निष्कर्षों के अनुसार भारत के लगभग 65 फीसदी बीमा पॉलिसी धारकों को नहीं पता होता है कि उन्हें पॉलिसी लेने से कौन-कौन से लाभ होते हैं। उन्हें नहीं मालूम कि पॉलिसी से बाहर निकलने की प्रक्रिया कैसी है। यह भी नहीं मालूम कि दावा प्रक्रिया की आवश्यक कार्यवाही को उन्हें कैसे अंजाम देना है। इतना ही नहीं लगभग 60 फीसदी आश्रितों को यह भी नहीं पता कि वे किसी पॉलिसी के अंतर्गत कवर हैं। वे इस बात से अनजान हैं कि उन्हें किस चीज व किस स्थिति में बीमा लाभ मिलेगा। कमोबेश यह स्थिति तब है जब देश में बीमा उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। निस्संदेह, यह समझ की कमी केवल उस शब्दावली से ही नहीं उपजी है जिसे समझना मुश्किल है, बल्कि बीमा करते समय उपभोक्ता को उसकी प्रक्रिया और लाभों का सिर्फ एक पक्ष ही बताया जाता है। कई वास्तविकताएं शब्द-जाल में छिपा ली जाती हैं।

निश्चित रूप से बीमा का मूल उद्देश्य तब विफल हो जाता है, जब बीमाकर्ता उपभोक्ताओं को सही ज्ञान और लाभ लेने की वास्तविक प्रक्रिया की जानकारी देने के मूल कर्तव्य में विफल हो जाता है। दरअसल, विभिन्न क्षेत्रों में वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री भी एक प्रमुख चिंता का विषय बनी हुई है। जो कि पहले ही चरण में वित्तीय सुरक्षा के अंतिम लक्ष्य को कमजोर कर देती है। आम धारण बन गई है कि बीमा उद्योग इससे जुड़ी कंपनियों के आर्थिक हितों और जन के हितों के टकराव के रूप में स्थापित है। इसमें जनहित की प्राथमिकता नहीं होती बल्कि कंपनी का मुनाफा कमाने को तरजीह दी जाती है। अपना टारगेट पूरा करने के लिये उपभोक्ताओं को जबरन पॉलिसी चिपकाने वाले एजेंटों से लेकर ऐसे फील्ड अफसरों की लंबी सूची है, जिनकी प्राथमिकता बीमा कंपनी को लाभ पहुंचाने की ही होती है। विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में रोगी की कीमत पर बीमाकर्ता व अस्पतालों के अपवित्र गठबंधन ने इसकी विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाये हैं। दरअसल, विनियामक नियंत्रण अपर्याप्त पाए गए हैं। इसके अलावा जवाबदेही का घोर अभाव पाया गया है। इसके साथ ही बीमा पॉलिसियों को लेकर पारदर्शिता की भारी कमी पायी जाती है। बीमा पॉलिसी के प्रावधानों और लाभ को लेकर सरलीकृत भाषा की हमेशा कमी महसूस की जाती है। इन मुद्दों को लेकर विभिन्न परिवारों और मित्रों में बीमा कवरेज को लेकर उत्साहजनक चर्चाएं समय की मांग है। वास्तव में जिस चीज को प्राथमिकता दी जाने की जरूरत है, वह है लेन-देन के दृष्टिकोण में बदलाव लाना। निस्संदेह, बीमा महज व्यापारिक लेन-देन मात्र नहीं है। बीमा उत्पादों से मानवीय पक्ष सशक्त रूप में जुड़ा होता है। हर हाल में उपभोक्ता कल्याण को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बीमा धोखाधड़ी में जोखिम कारक को ध्यान में रखते हुए, जांच पर निर्भर रहना सामान्य बात है। यह किसी भी तरह से दावेदारों पर एक जटिल और परेशान करने वाली प्रणाली का बोझ डालने को उचित नहीं ठहरा सकता। दावों को अस्वीकार करने के बजाय उनका सम्मान करना उद्योग का मानक होना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 जून, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष पंचमी, 09:27 तक, नक्षत्र : मघा, 07:18 तक, योग : सिद्धि, 17:19 तक, सूर्योदय: 4:55, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 09:30, चन्द्रास्त: 22:17, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 06:39 से 08:19

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों का आत्मबल बहुत ऊंचा रहेगा और आप कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी ज़िम्मेदारी बखूबी निभा सकते हैं। तकनीकी क्षेत्र या स्टार्टअप से जुड़े लोगों को नई डील मिलने के योग हैं।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों का दिन उन्नति वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव या ट्रांसफर की संभावना है, जो दीर्घकालिक रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। संपत्ति में निवेश करना लाभकारी रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। बुद्धि और चातुर्य के बल पर आप कोई जटिल समस्या हल कर सकते हैं। आपको धन के मामले में लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी।

**कर्क :** कर्क राशि आज आप प्रभावी व्यक्तित्व के साथ कार्यक्षेत्र में अपनी जगह बनाएंगे। लंबे समय से अटके प्रोजेक्ट पूरे होंगे। व्यापारी वर्ग को कोई सरकारी टेंडर या नई सप्लाई का अवसर मिलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लए नौकरी में परिवर्तन के संकेत हैं, जो आपकी आय को नई दिशा देंगे। किसी पुराने सहकर्मी की मदद से आपको कोई नया ऑफर मिल सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा और आपको कार्यस्थल में नई योजनाओं पर काम करने का मौका मिल सकता है। किसी नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए लाभ के योग बन रहे हैं और व्यवसाय में विस्तार की योजना बन सकती है, खासकर फैशन, कला, परामर्श या डिज़ाइनिंग से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन शुभ है और काम में आपका अनुभव और साहस रंग लाएगा। कार्यक्षेत्र में किसी नई तकनीक या सॉफ्टवेयर का लाभ उठाने का समय है।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का दिन शुभ है और नौकरी में बदलाव की सोच रहे हैं तो यह समय उपयुक्त है। प्रमोशन या इन्क्रीमेंट की संभावना है। परिवार में थोड़ी बहस संभव है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाओं को मंजूरी मिल सकती है। जो लोग नौकरी में स्थिरता चाहते हैं उन्हें उच्चाधिकारियों का समर्थन मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों की किस्मत आज साथ दे रही है और कार्यक्षेत्र में नयापन आएगा। आप अपनी सोच से सबको प्रभावित करेंगे। मानसिक थकान को नजरअंदाज़ न करें।

**मीन :** मीन राशि वालों की किस्मत साथ दे रही है। आपका आत्मविश्वास और धैर्य आपके लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। बिजनस में विस्तार के लिए नए क्लाइंट या निवेशक से संपर्क बनेगा।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने



प्रमोद भार्गव

आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई षंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को षामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए षामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान षामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें षामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिसतान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले षब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

**संदर्भः एससीओ की बैठक में पहलगाम आतंकी घटना का नाम नहीं होने पर राजनाथ सिंह का कड़ा रुख**

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पश्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में षामिल करने से असहमति जता दी। वस्तुतः राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपना लिया और दस्तखत नहीं किए। इस साझा बयान पर हस्ताक्षर नहीं करने का बड़ा कारण दस्तावेज न तो निश्पक्ष था और न ही इसमें कोई पारदर्शिता थी। यह भी साफ नहीं किया कि आखिर इस अभिलेख को किन देशों ने तैयार किया है। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। भारत के जम्मू-कश्मीर प्रांत में 22 अप्रैल को पहलगाम में सैलानियों पर बड़ा हमला हुआ था। इसमें 26 निर्दोश लोग मारे गए थे। आतंकियों द्वारा किया यह हमला मानवता के लिए क्रूरता का चरम था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में षामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य षामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। क्योंकि भारत आतंक से पिछले ढाई दशक से निरंतर लड़ाई लड़ रहा है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्श पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोशणा पत्र में इस तथ्य को षामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। पहलगाम में किए निरंकुश हमले में भी पाकिस्तान से आए आतंकियों का हाथ था। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है ? एससीओ में आतंकवाद पर शिकंजा नहीं कसना इसलिए और चिंताजनक है, क्योंकि पाकिस्तान परमाणु षक्ति संपन्न देश है और वहां अनेक आतंकी संगठन सक्रिय हैं। इन संगठनों में लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख हैं। अमेरिका पर आतंकी हमला करने वाले ओसामा बिन लादेन को ही पाकिस्तान ने षरण दी थी। उसका अंत अमेरिकी वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर किया था। संयुक्त राश्ट्र द्वारा जारी सूची में बताया है कि पाक में 136 आतंकवादियों के ठिकाने हैं और यहां 22 आतंकवादी हथियारबंद संगठनों को पाक सेना संरक्षण दे रही है। वा-इदवे इन आतंकियों के हाथ परमाणु हथियार लग जाते हैं तो ये मानवता के विरुद्ध कैसी तबाही मचाएंगे, यह कहना अनुमान से परे है। अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

-लेखक/पत्रकार

# श्रीमद् भागवत कथाएं और विघटनकारी सियासत



डॉ. सुधाकर आशावादी

श्रीमद् भागवत कथाएं सामाजिक समरसता का पर्याय रही हैं। न कभी कथावाचकों की जाति पूछी गई, न ही धर्म। यही कारण रहा कि प्रखर वक्ताओं ने अपनी वाणी के प्रभाव से असंख्य लोगों की विचारधारा को सत्संग की ओर प्रेरित किया, किन्तु जब से कथाओं के नाम पर फिल्मी धुनों और प्रसंगों पर पेरोडी इन कथाओं में सुनाई जाने लगी तथा अनेक धंधेबाज इस क्षेत्र में अपना व्यापार स्थापित करने लगे, तब से कथावाचकों की नीयत पर संदेह उत्पन्न होने लगा। ऐसे में धंधेबाज कथावाचकों पर यदि नकेल कसने के लिए कुछ लोग सामने आए, तो सियासत धंधेबाजों के साथ खड़ी हो जाए तथा उनकी धंधेबाजी को जातीय रंग देने लगी, तो लगता है कि विघटनकारी शक्तियां समाज में वैमनस्य फ़ैलाने का कोई अवसर चूकना नहीं चाहती। वह अपने अस्तित्व को बचाने के लिए किसी भी हद तक समाज विरोधी कृत्य की पीठ थपथपा सकती हैं। यदि ऐसा न होता, तो देश में छोटी छोटी घटनाओं को जातीय रंग देकर सियासत न की जाती। उत्तर प्रदेश में एक राजनीतिक दल सत्ता से दूर होने का दंश झेल नहीं पा रहा है, सो उसका निरंतर यही प्रयास रहता है, कि जैसे भी हो समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा दिया जाए तथा कुछ विशेष जातियों को लामबंद करके समाज को विघटित करने में कोई कसर बाकी न छोड़ी जाए। यदि ऐसा न होता, तो उत्तर प्रदेश के एक ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा के नाम पर ढोंगी कथावाचकों के माध्यम से जातीय संघर्ष की भूमिका तैयार करने का प्रयास न किया जाता। छद्म नाम से कथा के नाम पर धंधा करने वालों को राजनीतिक दल द्वारा समर्थन देकर समाज में जातीय वैमनस्य को बढ़ावा देने का प्रयास न किया जाता। इसे देश का दुर्भाग्य न कहें तो क्या कहें, कि उच्च तकनीकी युग में जब विश्वमानव की कल्पना साकार हो चुकी है तथा अपनी योग्यता के आधार पर व्यक्ति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने में समर्थ हुआ है, वही भारत जैसे समृद्ध राष्ट्र में कुछ लोग और राजनीतिक दल अपनी संकीर्ण मानसिक विकलांगता का परिचय देते हुए समाज में जातीय संघर्ष की भूमिका बना रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि *सर्वे भवन्तु सुखिनः* का भाव रखने वाले देश में पारिवारिक व सामाजिक उत्सवों में आदिकाल से सम्पूर्ण समाज का योगदान रहा है, किन्तु दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों को शांति सद्भाव कभी नहीं सुहाता, सो जाति और धर्म के नाम पर षड्यंत्रकारी शक्तियां आम आदमी के बीच फूट डालकर अपना राजनीतिक और व्यक्तिगत स्वार्थ पूरा करने का प्रयास करती रहती है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जहाँ बिना किसी भेदभाव के जीवनयापन के मौलिक अधिकार संविधान द्वारा प्रदान किये गए हैं, वहां कुछ राजनीतिक दल केवल जातीय गोलबंदी के लिए अगड़ा-पिछड़ा, दलित-सवर्ण, अल्पसंख्यक- बहुसंख्यक जैसे विमर्श को समाज में फैलाकर अपनी राजनीतिक मंशा पूरी करने में पीछे नहीं रहना चाहते। आपराधिक घटनाएं हों या धार्मिक आधार पर घटित कोई घटना विघटनकारी तत्व हर घटना में अपना लाभ खोजने लगते हैं। उत्तर प्रदेश आजकल विघटनकारी अराजक तत्वों की प्रयोगशाला बनता जा रहा है। ऐसे में आम शांतिप्रिय नागरिकों की चुप्पी शांति व्यवस्था के प्रति घातक सिद्ध ही सकती है। सो आवश्यक है कि विघटनकारी शक्तियों का विरोध हर स्तर पर किया जाए, ताकि कोई भी समाज को अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा पूरी करने के लिए बाँटने का दुस्साहस न कर सके। (विनायक फीचर्स)

**दृष्टिकोण :**

## विदेश की खबरें

### ट्रंप ने गाजा में युद्ध पर समझौते का आह्वान किया, प्रगति के संकेत सामने आये



**तेल अवीव :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बनती सहमति के बीच रविवार को गाजा में युद्ध विराम वार्ता में प्रगति लाने की अपील की। उन्होंने एक ऐसे समझौते का आह्वान किया, जो 20 महीने से जारी युद्ध को रोक देगा। इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन यात्रा की योजना बनाई जा रही है, जो इस बारे में संकेत है कि एक नये समझौते पर काम हो सकता है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस करो। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को समझौते की उम्मीदें बढ़ाते हुए कहा था कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इस मामले को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने इजराइल और हमास से गाजा में युद्ध समाप्त करने का बार-बार आह्वान किया है। इजराइल और हमास के बीच वार्ता एक प्रमुख मुद्दे पर बार-बार विफल हो रही है, कि क्या संघर्ष को किसी युद्ध विराम समझौते के तहत समाप्त किया जाना चाहिए। हमास के अधिकारी महमूद मरदावी ने नेतन्याहू पर समझौते की प्रगति में बाधा डालने का आरोप लगाया तथा टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि इजराइली नेता एक अस्थायी समझौते पर जोर दे रहे हैं, जिसके तहत केवल 10 बंधकों को रिहा किया जाएगा। नेतन्याहू के प्रवक्ता उमर दोस्तरी ने मरदावी के दावे पर टिप्पणी किए बिना कहा कि 'युद्ध समाप्त करने में हमास ही एकमात्र बाधा है।'

### तंजानिया के सुदूर इलाके में बस दुर्घटना में कम से कम 37 लोगों की मौत

**दार उस सलाम (तंजानिया) :** उत्तरी तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दुर्घटना में कम से कम 37 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है।

### पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हुई

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गई, जबकि 63 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून से पहले हो रही बारिश का कहर जारी है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शनिवार रात को बताया कि बारिश 26 जून को शुरू हुई थी और देश के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर जारी है।

### एलन मस्क ने फिर साधा ट्रंप के कर एवं व्यय कटौती विधेयक पर निशाना, कहा- खत्म हो जाएंगी नौकरियां



**वाशिंगटन :** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप्प पड़ जाएंगे। मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। मस्क ने यह बात ऐसे समय में कही है जब सीनेट को लगभग 1,000 पृष्ठों वाले विधेयक पर खुली बहस के लिए मतदान कराना है। उन्होंने कहा, इससे पुराने उद्योगों को तो लाभ होगा, लेकिन यह उभरते उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने बाद में एक पोस्ट में लिखा कि यह विधेयक रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या होगी। मस्क ने ट्रंप पर नए सिरे से हमला बोला है। हाल में मस्क ने ट्रंप प्रशासन का सरकारी दक्षता विभाग छोड़ते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।

### बांग्लादेश के इतिहास में 'सबसे विश्वसनीय' होगा अगला चुनाव: यूनुस के प्रेस सचिव

**ढाका :** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के एक सहयोगी ने कहा है कि अगला आम चुनाव देश के इतिहास में सबसे विश्वसनीय और शांतिपूर्ण होगा और अंतरिम सरकार ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) के अनुसार यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने यह टिप्पणी शनिवार को खुलना शहर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने पिछले महीने घोषणा की थी कि बांग्लादेश में आम चुनाव अगले साल अप्रैल में होंगे। आलम ने कहा, आगामी राष्ट्रीय चुनाव देश के इतिहास में सबसे विश्वसनीय व शांतिपूर्ण चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को हटाने के लिए बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह का प्राथमिक लक्ष्य बांग्लादेश में लोकतंत्र को बहाल करना था। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद सत्ता से हटने के बाद शेख हसीना भारत चली गई थीं।

## वर्ग पहेली नं. 3138

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | ■ |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | 19 | | ■ | 20 | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | 24 | | ■ | 25 |
| 26 | | ■ | 27 | | | | ■ | 28 | |
| | ■ | 29 | ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| 30 | | | | | ■ | 31 | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 2) मिठास, 3) मग्न, 4) निर्मोही, 5) छोला, 6) सीमा, 8) काफिला, 10) मूँदना *(आँखे)*, 11) पैदावार, 13) सामने, 14) कभी भी, 16) सख़्त, 18) एक मेवा, 19) बेल, 20) आवक, 23) पुराणपंथी, 24) पतंग, 25) समाविष्ट, 26) इलज़ाम, 29) प्यारा बच्चा.
*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) बेहिसाब, 4) अस्थिर, 7) धिक्कारना, 9) घाटा, 11) भागा हुआ *(अपराधी)*, 12) खून, 14) *जवान* का संक्षिप्त रूप, 15) ढकोसना; लीलना, 17) ऊपर तक भरा हुआ, 21) बाधक वस्तु, 22) दानशील, 23) जोड़ का तोड़, 26) प्रसिद्ध; सामान्य, 27) जल्दी-जल्दी, 28) भटकती आत्मा, 30) कुश्ती, 31) अश्लील; बेहूदी.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | र्म | ना | क | ■ | श | र्ति | या | ■ | स |
| त्रु | ■ | मु | र | मु | रा | ■ | नी | ला | मी |
| त | ली | म | ■ | ज | ब | रा | ■ | ■ | प |
| ■ | ■ | कि | ना | रा | ■ | स | मा | न | ता |
| शै | ता | न | ■ | ■ | कुं | भ | ■ | गा | ■ |
| ■ | ना | ■ | आ | त्म | ज | ■ | भ | ड़ा | स |
| द | शा | न | न | ■ | र | ग | ■ | ■ | ज |
| रा | ह | ■ | बा | र | ■ | ल | ग | भ | ग |
| ज़ | ■ | म | न | ग | ढ़ं | त | ■ | व्य | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3095

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | 9 | 4 | 3 | | 6 | | | 7 |
| 1 | 7 | | | | | | 6 | |
| | 6 | | | 5 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 2 | | |
| | | | | | 9 | 7 | 5 | 4 |
| | 2 | | 1 | | | | 4 | |
| 7 | 3 | | 2 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3094 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 3 | 5 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |

## एनसीडब्ल्यू की टीम ने घटनास्थल का किया दौरा, पुलिस पर लगाया असहयोग का आरोप

# कोलकाता पुलिस को पता नहीं पीड़िता कहां है : राष्ट्रीय महिला आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की टीम ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान, आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए। अर्चना ने दावा किया कि पुलिस उन्हें इस बात की जानकारी नहीं दे सकी कि पीड़िता इस समय कहां है। उन्होंने कहा कि आयोग छात्रा के साथ खड़ा है। आयोग का काम पीड़िता की तब तक सहायता करना है, जब तक वह चाहती है। पीड़िता के माता-पिता से भी बात करना जरूरी है।



आयोग की सदस्य ने कहा कि यह जांच का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में आयोग पीड़िता के साथ-साथ उसके माता-पिता से भी बात करता है और यह जानने की कोशिश करता है कि उन्हें क्या चाहिए, जिसमें सुरक्षा, उसकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में सहायता आदि शामिल है। विधि कॉलेज पुहंचीं अर्चना को वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ बहस करते देखा गया। कॉलेज में मौजूद एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ने बताया कि आयोग की सदस्य के अलावा उनके साथ आए दो अन्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर नोट करने के बाद परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि अंदर वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी। बाद में, अर्चना परिसर में दाखिल हुईं और गार्ड रूम में गईं, जहां 25 जून को कथित घटना हुई थी। उन्होंने कहा कि मैं रिपोर्ट करूंगी कि मैं अपना काम पूरा नहीं कर पाई।

❑ **मंत्री ने महिला आयोग की निष्पक्षता पर उठाया सवाल**

दूसरी तरफ, राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने महिला आयोग की निष्पक्षता पर चिंता जताते हुए कहा, महिला आयोग अन्य स्थानों पर क्यों नहीं गयी? क्या वहां कोई अत्याचार नहीं होता? अगर आपको जाना है, तो हर जगह जाएं। आपको मणिपुर, ओडिशा जाना चाहिए। यह एक स्वतंत्र संस्थान है। इसे स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन यह उस तरह से काम नहीं कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा पर मुझे कुछ नहीं कहना है, हमारी पार्टी पहले ही इस पर टिप्पणी कर चुकी है।

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म : तृणमूल ने मदन मित्रा को थमाया कारण बताओ नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

### विधायक की विवादित टिप्पणी से पार्टी ने जताई नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा स्थित साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है। इस मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की टिप्पणियों ने स्थिति और अधिक संवेदनशील बना दी है। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी और विधायक व पूर्व मंत्री मदन मित्रा द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर भारी आलोचना हुई है। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने इन बयानों पर नाराजगी जताई, जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब



मांगा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री मदन मित्रा ने घटना को लेकर शनिवार को छात्रा की मौजूदगी पर सवाल उठाते हुए कहा था कि उसे अकेले कॉलेज नहीं जाना चाहिए था। उनकी इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया हुई, जिसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने बयान जारी कर कहा कि यह उनकी 'व्यक्तिगत राय' है और पार्टी इस दृष्टिकोण से असहमत है। तृणमूल कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि कसबा कांड की निंदा करते हुए वह आरोपियों को कठोरतम सजा दिल-वाने के पक्ष में है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि मदन मित्रा की टिप्पणियां असंवेदनशील, अनावश्यक और पार्टी की नीतियों के विरुद्ध हैं। यह भी कहा गया कि उनके बयान से पार्टी की सार्वजनिक छवि को क्षति पहुंची है और उन्हें पार्टी अनुशासन के उल्लंघन पर जवाब देना होगा। पार्टी अनुशासन भंग करने के इस व्यवहार के लिए आपको अगले तीन दिनों के भीतर कारण बताने का निर्देश दिया जाता है।

### रात भर हिरासत में रहने के बाद सुकांत मजूमदार सुबह में हुए रिहा, बोले...

# 'बंगाल के लिए सौ बार भी गिरफ्तारी देनी पड़ी तो तैयार हूं'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा थाना अंतर्गत साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद राज्य की राजनीति उबाल पर है। इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को शनिवार की शाम पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। रविवार की सुबह उन्हें कोलकाता के लालबाजार थाने से रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद, सुकांत मजूमदार ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि मुझे शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बेल बॉन्ड साइन करने को कहा, लेकिन मैंने इनकार कर दिया और अपने 32 कार्यकर्ताओं के साथ पूरी रात थाने में ही रहा। जब सरकार की पुलिस



सो रही हो, तो किसी को तो जागना पड़ेगा, भाजपा यही कर रही है। अगर बंगाल के लिए मुझे सौ बार भी गिरफ्तार होना पड़े, तो मैं हर बार तैयार हूं। सुकांत मजूमदार ने आगे कहा कि इस गंभीर अपराध को लेकर सरकार की चुप्पी और पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठते हैं। क्या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पर खुलकर सामने आकर कुछ कहेंगी? क्या वे पीड़िता के लिए न्याय सुनिश्चित कर पाएंगी?

# बंगाल की बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं 'तृणमूल कांग्रेस से जुड़े गुंडे': धर्मेंद्र प्रधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में विधि महाविद्यालय की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को आरोप लगाया कि 'सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से जुड़े गुंडे राज्य की बेटियों' पर अत्याचार कर रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस मुद्दे पर चुप हैं। इस दिन, उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी में एक कार्यक्रम से इतर भाजपा नेता ने संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम बंगाल, जो कभी देश को रास्ता दिखाता था, अब आरजी कर चिकित्सक के दुष्कर्म तथा हत्या और अब दक्षिण कोलकाता विधि कॉलेज में एक महिला के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म जैसी बर्बरता से पूरे देश की 'अंतरात्मा को झकझोर रहा है'। उन्होंने कहा कि



जिस राज्य में रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों का जन्म हुआ, जो राज्य देश को रास्ता दिखाता था, वहां अब सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े और संरक्षित गुंडों द्वारा महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की लगातार घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े 'गुंडों' की प्रत्यक्ष संलिप्तता के आरोप हैं। भाजपा नेता ने कहा कि ऐसी घटनाओं ने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सही सोच रखने वाले देश के हर नागरिक को परेशान कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस घटना पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि दीदी (ममता) कब इस पर ध्यान देंगी। लेकिन, राज्य के लोग निश्चित रूप से उन्हें सही संदेश देंगे, जब 2026 के विधानसभा चुनावों में इस क्रूर, निर्दयी और अमानवीय सरकार को सत्ता से हटा दिया जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी सदन में राज्य में अराजकता का खुलासा करेंगे, जबकि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याओं को उठाएंगे।

❑ **केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने शिक्षण संस्थानों में छात्र संघ चुनाव नहीं होने पर उठाया सवाल**

बाद में, भाजपा के करीबी शिक्षाविदों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधान ने कहा कि परिसर की सुरक्षा राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों की उचित निगरानी, अवांछित तत्वों के प्रवेश को रोकने तथा कार्यालय समय के दौरान बाहरी लोगों के प्रवेश को विनियमित करने का आह्वान किया। उन्होंने पूछा कि ऐसी खबरें हैं कि इसमें शामिल लोग तृणमूल कांग्रेस छात्रसंघ के पूर्व पदाधिकारी हैं। तृणमूल कांग्रेस सरकार कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव क्यों नहीं करा रही है? उसने शुरू में ही ऐसे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को क्यों नामित किया? उन्होंने कहा कि वर्षों से उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं। उन्होंने लोगों से तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ स्वतः स्फूर्त प्रदर्शन शुरू करने का आह्वान किया।

# जब तक ममता को सत्ता से बाहर नहीं किया जाता, बंगाल में ऐसी घटनाएं होती रहेंगी : शुभेंदु अधिकारी

- भाजपा नेता की घोषणा, दो जुलाई को भाजपा युवा मोर्चा करेगा कसबा थाना अभियान
- प्रदेश भाजपा महिलाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर नौ अगस्त को करेगी नवान्न अभियान

**सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में भाजपा ने निकाली रैलियां**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना के खिलाफ भाजपा सहित अन्य विपक्षी दलों व नागरिक समाज ने रविवार को भी ममता सरकार व तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इसी क्रम में, वरिष्ठ भाजपा नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने इस घटना के विरोध में दक्षिण कोलकाता में गोलपार्क से लेकर गरियाहाट तक एक विशाल मशाल जुलूस का नेतृत्व किया और पूरे बंगाल में हर बेटी की सुरक्षा की मांग की। इस दौरान, पत्रकारों से बातचीत में शुभेंदु ने कहा कि जब तक ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं किया जाता, बंगाल में महिलाओं के खिलाफ ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अतीत में ऐसी घटनाएं होने पर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित महिलाओं के चरित्र पर ही संदेह जताया था। शुभेंदु ने कहा कि भाजपा की युवा शाखा-भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना के खिलाफ दो जुलाई को कसबा पुलिस स्टेशन तक अभियान (विशाल रैली) का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हम कसबा थाने तक यह मार्च आयोजित करने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय की अनुमति मांगेंगे। शुभेंदु ने कहा कि दो जुलाई को



कसबा थाने तक विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें महिलाओं को उनके कार्यस्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों और घरों में सुरक्षा प्रदान करने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि उस दिन हजारों लोग पार्क स्ट्रीट-जेएल नेहरू क्रासिंग से कस्बा थाने की ओर मार्च करेंगे। शुभेंदु ने कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। हम पिछले कुछ वर्षों से महिलाओं के खिलाफ जारी अत्याचारों के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें आरजी कार, हंसखली, कालियागंज, कामदुनी, पार्क स्ट्रीट आदि जगहों पर हुई घटनाएं शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सभी घटनाओं में अपराधियों को बेखौफ छोड़ दिया गया और ममता बनर्जी के शासन में महिलाओं के खिलाफ क्रूरता नहीं रूक रही। हम चुप नहीं बैठेंगे। जब तक ममता बनर्जी सरकार, जो अपराधियों और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को संरक्षण देती रही है, सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, तब तक विरोध प्रदर्शनों की लहर चलती रहेगी। शुभेंदु ने साथ ही कहा कि प्रदेश भाजपा महिलाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर नौ अगस्त को नवान्न अभियान (राज्य सचिवालय तक मार्च) करेगी। शुभेंदु ने कहा कि नौ अगस्त ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन का दिन है। मैं दुष्कर्म व हत्या की शिकार आरजी कर की महिला चिकित्सक के माता-पिता से भी मार्च में शामिल होने का अनुरोध करूंगा।

### कांग्रेस, माकपा ने भी निकाली विरोध रैली

इसी तरह की रैलियां शहर और उसके बाहरी इलाकों में कांग्रेस, माकपा और नागरिक समाज के सदस्यों द्वारा भी निकाली गईं। कांग्रेस ने शहर के खिदिरपुर इलाके में और भाजपा की युवा शाखा के सदस्यों ने हाथीबागान इलाके में रैली निकाली और बंगाल में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का आरोप लगाया तथा हर महिला की सुरक्षा की मांग की। इसी मुद्दे पर माकपा की छात्र और युवा शाखा एसएफआई और डीवाइएफआई ने भी उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में रैली निकाली।

# कल्याणी में युवती से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कल्याणी नगरपालिका इलाके में एक पड़ोसी पर युवती को बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 19 वर्षीया युवती नदिया के कल्याणी नगरपालिका के वार्ड एक की निवासी है। हर दिन की तरह वह शनिवार की रात भी खा-पीकर सोने चली गई। कुछ देर बाद परिवार वालों ने देखा कि युवती घर पर नहीं है। वे तुरंत उसे खोजने निकल गए। युवती की मां ने देखा कि उसकी बेटी इलाके के एक स्कूल के पीछे से फटे कपड़े पहने निकल रही थी। उसके पीछे-पीछे मुरातीपुकुर इलाके का एक युवक नशे की हालत में निकला। इसके बाद, युवती की मां ने युवक का कॉलर पकड़ लिया और



थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। युवक को हिरासत में लेकर कल्याणी थाने में सूचना दी गई। पुलिस के जाने पर युवक को उनके हवाले कर दिया गया। रविवार की सुबह युवती के माता-पिता ने कल्याणी थाने में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी पीड़िता को फोन कर बुलाकर ले गया है। पुलिस ने आर-ोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को शारीरिक जांच के लिए कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल भेजा गया है।

## बारासात में ट्यूशन से लौट रही नाबालिग से यौन उत्पीड़न, आरोपी गिरफ्तार

बारासात में रविवार को ट्यूशन से लौट रही एक नाबालिग से यौन उत्पीड़न किया गया। आरोप है कि एक युवक ने कथित तौर पर उसके निजी अंगों को छूने की कोशिश की। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित भीड़ ने आरोपी की पिटाई कर दी। बाद में, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, दोपहर में बारासात निवासी नाबालिग ट्यूशन से पढ़कर रेल गेट नंबर 12 होते हुए घर लौट रही थी। तभी, आरोपी युवक ने अचानक उसका रास्ता रोक लिया और कथित तौर पर उसने नाबालिग के निजी अंगों को छूने की कोशिश की। वह डर और शर्म से चिल्लाने लगी। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर इलाके के दुकानदार दौड़कर मौके पर पहुंचे और सभी ने मिलकर आरोपी को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि काफी कोशिशों के बावजूद युवक भाग नहीं सका। इसके बाद, उसकी जमकर पिटाई की गई। इसी बीच, पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जाकर आरोपी को बचाया और थाने ले गई। फिलहाल, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता के परिवार समेत सभी लोग आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं।

## माकपा नेता मीनाक्षी मुखर्जी ने कुणाल घोष के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी, तृणमूल नेता ने बताया 'अनुभवहीन'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की नेता मीनाक्षी मुखर्जी ने नदिया जिले के कालीगंज में एक विरोध सभा के दौरान तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्द का इस्तेमाल किया जिसके कारण विवाद खड़ा हो गया है। बता दें कि कालीगंज में 13 वर्षीय तमन्ना खातून की मौत के विरोध में शनिवार को यह बैठक आयोजित की गई थी।

इस बैठक में मीनाक्षी मुखर्जी ने घोष को कथित तौर पर 'भ्रष्ट और अनैतिक राजनीतिक व्यक्तित्व' करार दिया। मुखर्जी ने कहा कि ऐसे लोग अब अलग-अलग मुद्दों पर टीएमसी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो पार्टी के दिवालियेपन को दर्शाता है। उन्होंने कथित तौर पर अपने भाषण में टीएमसी नेता के खिलाफ कुछ अपमानजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया।

विरोध सभा में मीनाक्षी मुखर्जी के संबोधन का वीडियो रविवार को वायरल होने के बाद कुणाल घोष ने कहा कि मीनाक्षी मुखर्जी उम्र और राजनीतिक अनुभव में उनसे बहुत छोटी हैं और उन्हें उनका मुकाबला करने के लिए इतना नीचे नहीं गिरना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वह उत्साह में कुछ कहती हैं, अगर वह हद से आगे बढ़ जाती हैं, तो यह उन पर निर्भर है। मुझे प्रतिक्रिया क्यों देनी चाहिए? यह उनकी पार्टी के दिवालियेपन और हताशा को दर्शाता है जो पिछले चुनावों में ममता बनर्जी को बार-बार मिलने वाली शानदार जीत को पचा नहीं पा रही है।

## बशीरहाट में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या का मुख्य आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बशीरहाट में एक तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के मुख्य आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम गफूर शेख है। पुलिस ने उसे बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति की दस दिनों की पुलिस हिरासत की मांग करते हुए बशीरहाट उपजिला न्यायालय में पेश किया। उल्लेखनीय है कि गत 16 जून की रात बशीरहाट के गोटरा पंचायत के घोना क्षेत्र में तृणमूल कार्यकर्ता अनवर हुसैन गाजी की चाकू घोंपकर एवं गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद जांच में उतरी बशीरहाट थाने की पुलिस ने उसी रात चार लोगों को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस को कई जानकारियां मिलीं। उस जानकारी के आधार पर पुलिस इस



घटना के मुख्य आरोपी गफूर शेख को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया।

**Name Change**

I,EAKATA SINGH (OLD NAME) W/O JAYANT KUMAR SINGH, RESIDING AT 332A, GALI NO.6, SHALIMAR BAGH, NORTH WEST DELHI, DELHI-110088, INDIA. HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS EAKATA KUMARI(NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 26/06/2025. EAKATA SINGH(OLD NAME) AND EAKATA KUMARI (NEW NAME) BOTH ARE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

### क्या पश्चिम बंगाल में फिर होगा प्राथमिक टीईटी?

# प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने जारी किया ई-टेंडर, अटकलें तेज

**कोलकाता :** क्या राज्य में एक बार फिर से प्राइमरी टीईटी (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) होने जा रहा है? पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में जारी ई-टेंडर को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। बोर्ड ने प्रतियोगी परीक्षाओं में तलाशी, बायोमेट्रिक सत्यापन और अन्य सुरक्षा प्रबंधों के लिए निजी एजेंसियों से सेवा प्राप्त करने हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किया है। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि राज्य सरकार टीईटी आयोजित करने की दिशा में सक्रिय हो गई है। गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में आयोजित टीईटी का परिणाम अब तक जारी नहीं किया जा सका है, जिसके कारण शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया भी लंबित है। वहीं 2022 के टीईटी का परिणाम घोषित होने के बावजूद रिक्त पदों की सूची नहीं जारी की गई, और भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। बोर्ड ने इसके पीछे ओबीसी आरक्षण संबंधी जटिलताओं को जिम्मेदार ठहराया है। ऐसे में दो साल बाद एक बार फिर से टीईटी परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की खबर मिल रही है। शुक्रवार को बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित ई-टेंडर से यह संकेत मिल रहा है कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में शिक्षक पात्रता परीक्षा का नया दौर शुरू हो सकता है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर पार्टी की महिला नेता से लाखों की ठगी, भाजपा नेता गिरफ्तार

### आमडांगा पुलिस ने हावड़ा से आरोपी नेता को दबोचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के एक नेता पर नौकरी दिलाने के नाम पर पार्टी की महिला नेता से लाखों रुपये लेने का आरोप लगा है। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद उक्त भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया गया। यह सनसनीखेज घटना उत्तर 24 परगना के बारासात के आमडांगा इलाके में हुई। गिरफ्तार भाजपा नेता का नाम हरियम वाल्मीकि है। पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति हावड़ा के सांकराइल थाना अंतर्गत मानिकपुर इलाके का निवासी है। वह भाजपा की एससी सेल की राज्य कमेटी का सदस्य था। उसी सूत्र के जरिए बारासात के आमडांगा निवासी महिला भाजपा नेता



से संपर्क हुआ था। कथित तौर पर, हरियम वाल्मीकि ने महिला नेता से कहा था कि पैसे देने पर उसे नौकरी मिल जाएगी। एक ही पार्टी करने के कारण महिला नेता ने उस पर विश्वास करके पैसे दे दिए। आरोप है कि भाजपा नेता को नौकरी के लिए एक लाख रुपये दिए गए। आरोप है कि हावड़ा निवासी व्यक्ति पैसे लेकर गायब हो गया। उसे नौकरी तो मिली नहीं है और कथित तौर पर वह उसे पैसे भी वापस नहीं कर रहा था। गत 6 जून को पीड़ित महिला नेता ने आमडांगा थाने में व्यक्ति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना की जांच में उतरी पुलिस ने आरोपी नेता की तलाश शुरू कर दी। इस बीच, आमडांगा थाने को गुप्त सूत्र से सूचना मिली। उसके बाद, जांचकर्ताओं ने हावड़ा के मानिकपुर में छापेमारी की। शनिवार की देर रात हरियम वाल्मीकि को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को बारासात लाया गया। रविवार को गिरफ्तार व्यक्ति को बारासात कोर्ट में पेश किया गया।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# आसनसोल में एक ही परिवार के 3 लोगों की जिंदा जलकर मौत

❑ **एक महिला अस्पताल में जिन्दगी व मौत के बीच लड़ रही जंग**



**आसनसोल :** आसनसोल में देर रात अगलगी की घटना में तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। पुलिस व दमकल के अनुसार, उक्त घटना आसनसोल दक्षिण थाना अंतर्गत वैशाली पार्क में शनिवार की देर रात की है। जहां एक मकान में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की झुलसकर मौत हो गई, जबकि गृहिणी की गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम के जाने की तैयारी है, जो नमूने एकत्र करेगी। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और घर को सील कर दिया गया है। मृतकों के नाम बाबलू सिंह, उसके पत्नी के पिता केवल चंद और सास गायत्री चंद बताये गए है। जानकारी के अनुसार, दो मंजिला मकान में सिंह परिवार के चार लोग बाबलू सिंह (गृहस्वामी), उनकी पत्नी शिल्पी चटर्जी, शिल्पी के पिता केबल चंद और मां गायत्री चंद रहते थे। यह परिवार मूल रूप से झारखंड के निरसा का रहने वाला था। बाबलू सिंह का इकलौता बेटा दूसरे राज्य में पढ़ाई करता है और हॉस्टल में रहता है। शनिवार की देर रात अचानक मकान के निचले हिस्से से धुआं उठता दिखाई दिया। सुरक्षा गार्ड ने यह देखकर स्थानीय लोगों को सूचना दी। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। दमकल विभाग को सूचना दी गई और एक दमकल इंजन तुरंत मौके पर पहुंचा। युद्धस्तर पर आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। लेकिन, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घर में मौजूद सभी लोग झुलस चुके थे। तुरंत सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां बाबलू सिंह, उनके ससुर केवल चंद और सास गायत्री चंद को मृत घोषित कर दिया गया। पत्नी शिल्पी चटर्जी गंभीर रूप से झुलसी हुई हैं और फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट या एयर कंडीशनर से लगी हो सकती है। फॉरेंसिक टीम जल्द ही घटनास्थल का निरीक्षण करेगी और आग लगने के सही कारणों का पता लगाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और फिलहाल कुछ अधिक कहना ठीक नहीं होगा।

## बहरामपुर कॉलेज के पांच सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप, होस्टल से निष्कासित




**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरामपुर कॉलेज के छात्रावास में चौथे सेमेस्टर के पांच छात्रों पर दूसरे सेमेस्टर के कुछ छात्रों की रैगिंग करने के आरोप लगे हैं। आरोप सामने आते ही कॉलेज प्रशासन ने आरोपित छात्रों को छात्रावास से निष्कासित करने का फैसला किया है। रविवार को कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य शांतुनु भादुड़ी ने मीडिया को मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को कॉलेज खुलने पर आरोपित छात्रों को लिखित रूप में कॉलेज के फैसले की जानकारी दे दी जाएगी। कॉलेज सूत्रों के मुताबिक, आरोपित और शिकायतकर्ता छात्र कॉलेज के 'संप्रीति' नाम के छात्रावास में रहते हैं। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य ने कहा कि शनिवार की सुबह हमें यूजीसी की ओर से एक ई-मेल मिला। उसमें बताया गया कि उन्हें शिकायत मिली है कि कॉलेज के दूसरे सेमेस्टर के कुछ छात्रों की चौथे सेमेस्टर के कुछ छात्र रैगिंग कर रहे हैं। हमें पूरे मामले की जल्द जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया। इसके बाद, कॉलेज गवर्निंग बॉडी के निर्देश पर एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्यों ने सभी आरोपित और शिकायतकर्ता छात्रों को बुलाया और उनकी अलग-अलग शिकायतें सुनीं। उन्होंने आगे कहा कि जिन छात्रों ने दूसरे सेमेस्टर में यूजीसी को रैगिंग की शिकायत की थी, उन्होंने कॉलेज प्रशासन या हॉस्टल सुपरिंटेंडेंट को इस मामले की जानकारी पहले नहीं दी थी। उन्होंने सीधे यूजीसी को ईमेल के जरिए शिकायत की थी। पीड़ित छात्रों का दावा है कि चौथे सेमेस्टर के कुछ छात्रों ने मौखिक रूप से उनके साथ रैगिंग की थी।

## दमदम मेट्रो स्टेशन पर अग्निशमन प्रशिक्षण आयोजित

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इसके लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाते हैं। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक श्री पी. उदय कुमार रेड्डी नियमित रूप से 'कोलकाता की जीवनरेखा' कहे जाने वाले इस परिवहन माध्यम की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हैं, ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी जैसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

इसी क्रम में सुरंगों या वायाडक्ट पर किसी भी अग्निकांड से निपटने के लिए मेट्रो रेलवे के विभिन्न विभागों के फील्ड स्टाफ को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाता है।

दमदम मेट्रो स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में एक विशेष अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में मेट्रो कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की आग और धुएं की परिस्थितियों का सजीव अनुकरण (सिमुलेशन) कर आग बुझाने की विधियों का अभ्यास कराया गया।

इस प्रशिक्षण में ट्रैफिक विभाग के कर्मी और आरपीएफ के जवानों ने भाग लिया। उम्मीद की जा रही है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से फील्ड स्टाफ की आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की क्षमता और सजगता बढ़ेगी, जिससे बचाव कार्य में समय की बचत होगी और सामान्य स्थिति शीघ्र बहाल की जा सकेगी।

## धर्मेंद्र प्रधान ने कोलकाता के स्कूल में 'एफ4एस' कार्यक्रम की शुरुआत की



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कोलकाता के फोर्ट विलियम स्थित पीएम-श्री केंद्रीय विद्यालय में 'फुटबॉल फॉर स्कूल्स' (एफ4एस) कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों के 21 केंद्रीय विद्यालयों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोलकाता जिले के 349 स्कूलों को 2,487 फीफा फुटबॉल वितरित किए गए। पूरे राज्य में कुल 88,113 फुटबॉल वितरित किए जाएंगे, जिससे करीब 15 से 16 लाख छात्रों को लाभ मिलेगा। आयोजन में केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्यमंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार, केंद्रीय पोत, जहाजरानी और जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, संयुक्त सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी, मंत्रालय के अधिकारी, गणमान्य अतिथि और वरिष्ठ खिलाड़ी भी उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं के खेल कप्तानों ने भी अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस पहल के तहत राज्य के विभिन्न स्कूलों में एक साथ फुटबॉल वितरित किया जा रहा है। पूरे देश में लगभग 10 लाख फुटबॉल वितरित किए जाएंगे, जिससे छात्रों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और स्कूल स्तर पर खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। एक छोटे से स्कूल में यदि एक फुटबॉल भी पहुंचता है तो वह बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शनी फुटबॉल मैच की भी शुरुआत की।

डॉ. सुकांत मजूमदार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति खेल और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा मानती है। यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और फुटबॉल जैसे खेल बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं। शांतनु ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की पहल से बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी और उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ेगी और खेल के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होगा।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और जबरन गर्भपात का मामला, युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बड़तला थाना इलाके से शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक अयन पाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आर-पी की पहचान उत्तर कोलकाता की रहने वाली युवती से करीब पांच साल पहले हुई थी। लॉकडाउन के दौरान दोनों के बीच पहले सोशल मीडिया और फिर फोन पर बातचीत शुरू हुई। लॉकडाउन खत्म होने के बाद दोनों की मुलाकातें बढ़ीं और उनके बीच नजदीकियां भी बढ़ती गईं। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

कुछ महीने पहले जब युवती ने युवक को अपनी गर्भावस्था की जानकारी दी और शादी की मांग की, तो युवक ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी और फोन व सोशल मीडिया पर संपर्क करना बंद कर दिया। मजबूर होकर युवती अमहर्स्ट स्ट्रीट स्थित युवक के घर पहुंची। वहां पहुंचते ही युवक और उसके परिवार वालों ने विवाद शुरू कर दिया। युवती ने युवक के माता-पिता से कहा कि उनके बेटे की वजह से वह गर्भवती हुई है, इसलिए उनकी शादी कराई जाए। इस पर कहासुनी के बाद आरोप है कि युवती को जबरन घर में बंद कर उसका गर्भपात करा दिया गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद, बड़तला थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## प्रेमिका की कहीं और शादी तय होने की खबर सुनकर प्रेमी ने की आत्महत्या

### घटना के विरोध में युवती के घर पर हमला और तोड़फोड़ का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रेमिका के कहीं और शादी करने पर सहमति जताने से नाराज प्रेमी ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, यह घटना उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव के बागदा इलाके में घटी है। आरोप है कि घटना के बाद युवती के घर पर युवक के शव के साथ हमला किया गया। बाद में, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान चिरंजीत बैरागी (30) के रूप में की गई है। वह बागदा थाना अंतर्गत भवानीपुर इलाके का निवासी था। मृतक के परिवार ने दावा किया कि वह इलाके की एक युवती के साथ रिलेशनशिप में था। बताया गया है कि युवती ने 16 साल बाद उस रिश्ते को तोड़ दिया। इतना ही नहीं, यह भी बताया गया है कि युवती ने परिवार द्वारा दिखाए गए लड़के से भी वह शादी करने को राजी हो गई। यह खबर सुनने के बाद चिरंजीत परेशान हो गया। परिवार का दावा है कि युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर 'आत्महत्या' कर ली। रविवार की सुबह युवक का फंदे से लटका शव उसके घर से बरामद किया गया। घटना की जानकारी होते ही इलाके में तनाव फैल गया। युवक के परिजनों और इलाके के लोगों ने शव को लेकर युवती के घर पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं, घर में तोड़फोड़ भी की गई। घटना के बाद इलाके में काफी तनाव फैल गया। खबर मिलने पर बागदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को काबू में किया गया। दोनों पक्षों से बातचीत की गई। युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## ग्लोबल विजन अनवीलिंग: अहमदाबाद से पृथ्वी बचाओ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत

**अहमदाबाद/कोलकाता :** पृथ्वी बचाओ मिशन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जिसे फोर्ब्स, फॉक्स और बिजनेस इनसाइडर जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने सराहा।

अब मिशन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन - ग्लोबल विज़न अनवीलिंग - की घोषणा की है, जो 3 जुलाई 2025 को शाम 6:00 बजे गिफ्ट सिटी क्लब, अहमदाबाद में होगा।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में पृथ्वी बचाओ मिशन का वैश्विक रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाने और नेट ज़ीरो कार्बन लक्ष्य प्राप्त करने की रणनीति शामिल है।

संदीप चौधरी, अध्यक्ष - भारत चैप्टर, ने कहा, यह भारत और विश्व के लिए गर्व का क्षण है। अहमदाबाद अब वैश्विक जलवायु एकता का प्रतीक बन चुका है।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय चैप्टर्स, साझेदारियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और एक संयुक्त वैश्विक घोषणा शामिल होंगी।

पृथ्वी बचाओ मिशन वर्तमान में 50 से अधिक देशों में सक्रिय है और जलवायु संकट के खिलाफ दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हरित अभियान बन चुका है।

## कोलकाता में बीदासर नागरिक संघ ने जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित किए



**कोलकाता, समाज्ञा :** बीदासर नागरिक संघ (कलकत्ता) की ओर से रविवार को महावीर सेवा सदन में एक विशेष जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग देना है।

संघ के अध्यक्ष हनुमानमल बैंगाणी ने बताया कि इस पुनीत कार्य के अंतर्गत 50 से अधिक लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ, पैर और अन्य सहायक उपकरण दिए जाएंगे, जिससे वे अपनी दैनिक गतिविधियां स्वतंत्रता से कर सकें। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग की सेवा करना है। कृत्रिम अंगों का यह वितरण हमारी इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हम मानते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमता के साथ जीवन जीने का अधिकार है, और यह पहल उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम आगे ले जाएगी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्मल बैंगाणी, राजेश बैंगाणी, महेंद्र भंसाली, नरपत बैंगाणी, पवन बैंगाणी, चांदरतन शर्मा और संघ की पूरी कार्यकारिणी का सराहनीय योगदान रहा है।

## माई नेचर कोच ने आयुर्बंधु कोर्स लॉन्च किया

**कोलकाता :** कोलकाता मुख्यालय वाली अग्रणी आयुर्वेदिक वेलनेस कंपनी माई नेचर कोच (एमएनसी) ने अपना नया 'आयुर्बंधु' कोर्स लॉन्च किया है - एक ऐसा प्रयास जिसका उद्देश्य आयुर्वेद को समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए जीवन भर का साथी बनाना है। कोर्स लॉन्च के साथ ही, एमएनसी ने गड़िया में 'त्रिकाया आयुर्वेद' नाम से एक नया आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट सेंटर और साउथ सिटी मॉल के सामने, जादवपुर में एक पूर्ण विकसित वेलनेस क्लिनिक भी खोला है। आयुर्वेद सिर्फ़ एक इलाज नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, एमएनसी के संस्थापक डॉ. अभिषेक भट्टाचार्य ने कहा। 'आयुर्बंधु' कोर्स और हमारे नए क्लिनिक के माध्यम से, हम लोगों को उनके स्वास्थ्य को प्राकृतिक तरीकों से प्रबंधित करने का ज्ञान और साधन देना चाहते हैं।

## हावड़ा मंडल ने रथयात्रा के अवसर पर चलाया विशेष टिकट जांच अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा रथयात्रा के पावन अवसर पर 27 जून को श्रीरामपुर और रिसड़ा स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य त्योहार के दौरान बढ़ी हुई भीड़ के बीच यात्रियों की यात्रा को सुगम और नियमबद्ध बनाना था। यह अभियान हावड़ा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन के समग्र मार्गदर्शन में और सहायकवाणिज्य प्रबंधक (एचसी) की देखरेख में संचालित किया गया। इस सघन जांच अभियान में 19 टिकटपरीक्षक, 2 वाणिज्य निरीक्षक और 2 आरपीएफ कर्मियों की विशेष टीम ने भाग लिया। अभियान के दौरान कुल 328 मामलों में टिकट अनियमितताएं पकड़ी गईं, जिनमें 286 मामले बिना टिकट यात्रा के थे। इस अभियान के तहत कुल 1,46,965 की राशि किराया और जुर्माने के रूप में वसूल की गई। यह हावड़ा मंडल की निष्पक्ष यात्रा और रेलवे राजस्व की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने अस्पताल में स्वचलित शीतल जल प्याऊ का किया उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की प्रतिष्ठित सेवा संस्था काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा आईडी बेलियाघाटा अस्पताल के इमरजेंसी आउटडोर के पास स्वचलित शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कलकत्ता पार्क स्ट्रीट राउट टेबल 34 और कलकत्ता पार्क स्ट्रीट लेडीज सर्कल 46 की ओर से नेहा अग्रवाल, अमित निर्मल, प्रेणा चुडिवाल सहित अन्य अधिकारी एवं दानदाताओं के करकमलों से इस प्याऊ का लोकार्पण संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उप सचिव पवन बंसल एवं सुभाष सवालदवाला उपस्थित रहे। समाजसेवी एवं समिति के मार्गदर्शक राजकुमार बोथरा के निर्देशन और देखरेख में यह आयोजन संपन्न हुआ। इस शीतल जल प्याऊ का निर्माण सीपीआरटी34, सीपीएलसी46 और एम.एस. साहुवाला ट्रस्ट के आर्थिक सहयोग से किया गया है। मशीन संचालित इस प्याऊ से अस्पताल में भर्ती रोगियों और उनके परिजनों को शुद्ध और शीतल जल की सुविधा मिल सकेगी।

समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के प्रयासों और उनके परिचित दानदाताओं के सहयोग से कोलकाता महानगर और इसके उपनगरीय क्षेत्रों में कई अन्य स्थानों पर भी मशीन संचालित शीतल जल प्याऊ संचालित हो रहे हैं और नए प्याऊ के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर को सफल बनाने में समिति के कार्यकर्ता सुभाष चंद्र गोयनका, महेश काबरा, उमाशंकर जोशी, दिनेश खेमका, दुलार खेमका आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नागार्जुन जयंती पर कविता पाठ और साहित्य संवाद आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय भाषा परिषद और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन द्वारा नागार्जुन जयंती के अवसर पर कविता पाठ और साहित्य संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चर्चित कवि नील कमल, मनीषा गुप्ता और सूर्य देव रॉय ने अपनी कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर कवि परिचय के रूप में कंचन भगत, अनुपमा वर्मा और फरहान अजीज ने काव्य पाठ किया। संवाद के अंतर्गत कवियों और श्रोताओं के बीच काव्य लेखन पर जरूरी और अर्थपूर्ण चर्चा हुई। संवाद के अंतर्गत इबरार ख़ान, रूपेश कुमार यादव, संजना जायसवाल, लिली साह, अनुपमा वर्मा, आशुतोष कुमार राउत, फरहान अजीज, अपराजिता वाल्मीकि ने कवियों से संवाद किया। इस अवसर पर दिनेश साव, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. सुनील शर्मा, अनिता राय, सुरेश शा, डॉ. इतु सिंह, प्रदीप धानुक, नमिता जैन, संजय दास, मुकेश पंडित, विकास जायसवाल, पद्माकर व्यास, सुमिता गुप्ता, जितेंद्र जितांशु, सेराज ख़ान बातिश, अनिल शाह, मधु साव, प्रकाश त्रिपाठी, विनोद यादव, चंदन भगत, प्रभाकर साव, निधि सिंह, प्रगति दूबे, निसार अहमद, हिमाद्री मिश्रा, अनुराधा भगत समेत बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मंजू श्रीवास्तव ने किया।

## पुरुलिया-हावड़ा मेमू ट्रेन ने पश्चिमी जिलों की कनेक्टिविटी को नई दिशा दी



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल ने नव आरंभ की गई पुरुलिया-हावड़ा मेमू विशेष ट्रेन (मासाग्राम मार्ग होते हुए) का 28 जून 2025 को हावड़ा स्टेशन के नए परिसर स्थित प्लेटफॉर्म संख्या 22 पर भव्य स्वागत किया। यह उद्घाटन सेवा मसाग्राम-बांकुड़ा रेल लाइन पर संपर्क सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। ट्रेन पुरुलिया से दोपहर 13:30 बजे रवाना हुई और निर्धारित समय पर रात 21:10 बजे हावड़ा पहुंची। इस अवसर पर एडीआरएम (प्रशासन) उदय कुमार केशरी सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने इस नई सेवा के क्षेत्रीय यात्रियों के लिए लाभकारी पहलू पर प्रकाश डाला। यह सेवा पश्चिम बंगाल के पश्चिमी जिलों और कोलकाता महानगर के बीच यात्री आवागमन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

इस मेमू सेवा का नियमित संचालन 30 जून 2025 से प्रारंभ होगा। हावड़ा से यह ट्रेन शाम 16:15 बजे रवाना होकर रात 23:55 बजे पुरुलिया पहुंचेगी, जबकि पुरुलिया से यह 1 जुलाई 2025 से सुबह 04:00 बजे प्रस्थान कर 11:40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह सेवा सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। शुक्रवार को हावड़ा से और शनिवार को पुरुलिया से ट्रेन नहीं चलेगी। पूर्व रेलवे की यह नई पहल क्षेत्रीय रेल नेटवर्क को सुदृढ़ करने, स्थानीय संपर्क को बढ़ावा देने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## चिरेका ने 75 कार्य दिवसों में 200 रेल इंजन बनाकर रचा नया इतिहास

**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में मात्र 75 कार्य दिवसों के भीतर 200 विद्युत रेल इंजनों का निर्माण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि अब तक किसी भी वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में सबसे तेज गति से 200 इंजनों के उत्पादन का रिकॉर्ड है। 200वें रेल इंजन को 28 जून 2025 को चिरेका के कारखाना परिसर से रवाना किया गया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उस समय और भी उल्लेखनीय बन जाती है जब इसे पिछले वर्ष की तुलना में देखा जाए। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में चिरेका को 200 इंजनों के निर्माण में 102 कार्य दिवस लगे थे, जबकि इस वर्ष यह लक्ष्य 27 दिन पहले ही प्राप्त कर लिया गया। यह कारखाना की उत्पादन क्षमता, कुशल कार्यप्रणाली और टीमवर्क का प्रमाण है।

गौरतलब है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चिरेका को कुल 777 लोकोमोटिव के निर्माण का लक्ष्य सौंपा गया है। इस उल्लेखनीय प्रगति में चिरेका की सहायक इकाई, डानकुनी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। डानकुनी इकाई ने अब तक 48 रेल इंजनों का उत्पादन किया है, जो किसी भी वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में उसका अब तक का सर्वोच्च प्रदर्शन है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर चिरेका के महाप्रबंधक विजय कुमार ने 'टीम सीएलडब्ल्यू' की संपूर्ण टीम को बधाई देते हुए उनके समर्पण, दक्षता और उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की है।

## कोलकाता मशीनरी डीलर्स एसोसिएशन की 49वीं वार्षिक आम सभा का भव्य आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मशीनरी डीलर्स एसोसिएशन (सीएमडीए) की 49वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन 28 जून को केनिलवर्थ होटल में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्यों के अलावा विभिन्न व्यापारिक संगठनों और संस्थाओं के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष नरेश पचिसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में उन्होंने सीएमडीए के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था वर्षों से व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने भारत चेंबर और सीएमडीए के लंबे सहयोग संबंधों का भी उल्लेख किया। श्री विनोद कुंदलिया, अध्यक्ष, सीएमडीए ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए दो कार्यकाल की सेवा को गर्व का विषय बताया। उन्होंने स्वर्ण जयंती वर्ष की ओर अग्रसर संगठन के भावी विकास की आशा जताई।

इस अवसर पर हिम्मत मल बारडिया को लाइफटाइम डेडिकेशन अवार्ड, धर्मेंद्र डागा को आउस्टैंडिंग एंटरप्रेन्योर, सुनील बंसाली को राइजिंग स्टार 2025, और हरी प्रपन्न थारड़ को मैन ऑफ द ईयर 2025 सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेहुल मेघानी ने किया। मंच पर संजय सिंघी, अमिताभ दस्सानी, प्रफुलचंद लाखानी, बिपिन गोयल एवं सुरेंद्र कुमार दुगड़ की उपस्थिति रही। यह आयोजन संगठन की प्रतिबद्धता और एकजुटता का प्रतीक बना।

# ‘40 साल की शादी तोड़ी, हनीमून मनाकर आईं और लगीं मुझसे लड़ने’

❑ **कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले पर बयान की आलोचना से महुआ मोइत्रा पर भड़के कल्याण बनर्जी**

❑ **महुआ मोइत्रा ने कल्याण बनर्जी की टिप्पणी को बताया था ‘महिला विरोधी’**

**हुगली, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा में स्थित साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर टिप्पणियों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी के दो सांसद महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है। महुआ ने सामूहिक दुष्कर्म पर कल्याण बनर्जी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए उन्हें कथित रूप से महिला विरोधी बताया। कल्याण बनर्जी ने व्यंग्यात्मक लहजे में जवाब देते हुए महुआ मोइत्रा की ‘शादी’ पर निशाना




साधा है। कल्याण बनर्जी ने कहा कि मैं महिला विरोधी नहीं हूं, मैं सिर्फ एक महिला से नफरत करता हूं, वो हैं महुआ मोइत्रा। आपने एक आदमी की 40 साल की शादी तोड़ दी और फिर उससे दूसरी शादी कर ली। मैं स्त्री-द्वेषी हूं और आप क्या हैं? मैं ऐसी महिला को समझदार नहीं मानता जो एक महिला का परिवार तोड़कर 65 साल के आदमी से शादी कर ले। मुझे उससे स्त्रीद्वेष सीखने की जरूरत नहीं है। कल्याण बनर्जी ने व्यंग्यात्मक लहजे में महुआ मोइत्रा के बारे में पूछा कि क्या वो डेढ़ महीने के हनीमून के बाद भारत लौटीं? कल्याण बनर्जी ने कहा कि महुआ मोइत्रा इतनी महिला विरोधी हैं कि वो अपने संसदीय क्षेत्र कृष्णानगर में किसी भी अच्छी महिला नेता को खड़ा नहीं होने देती हैं। कल्याण ने कहा कि वह राहुल गांधी की दोस्त के रूप में कृष्णानगर में राजनीति करती थी। 2011 से यहीं है। तृणमूल कांग्रेस के अच्छे दिनों में वह विधायक बनी, फिर सांसद बनीं।

❑ **कल्याण बनर्जी ने बयान पर दी सफाई**

इस दौरान, अपने पूर्व बयान पर सफाई देते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि रथ यात्रा के दिन मैं जगन्नाथ की पूजा करने के लिए निकल रहा था, तभी पत्रकारों ने मुझे घेर लिया और मुझसे सवाल पूछने लगे। उस समय मुझे घटना के बारे में कुछ भी पता नहीं था। मैंने सवाल का जवाब दिया। लेकिन अब मैं देख रहा हूं कि घटना ज्यादा दुखद है। एक राजनीतिक सहयोगी की जिम्मेदारी होती है कि वह अपने सहयोगी को सुरक्षा, भरोसा और विश्वास दे। अगर कोई राजनीतिक सहयोगी अपने सहयोगी से दुष्कर्म करता है, तो यह अस्वीकार्य है।

❑ **क्या है मामला**

इस वाकयुद्ध की शुरुआत कल्याण बनर्जी की लॉ कॉलेज सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर की गई टिप्पणी से हुई। उन्होंने पुरुषों की मानसिकता पर सवाल उठाते हुए सत्तारूढ़ पार्टी के छात्र संगठन नेतृत्व के एक वर्ग पर हमला बोला। हालांकि, पार्टी उनकी टिप्पणियों से सहमत नहीं है। तृणमूल कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया है कि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा द्वारा दिए गए बयान उनके निजी विचार हैं। पार्टी इससे सहमत नहीं है। उस पोस्ट को टैग करते हुए कृष्णानगर की सांसद महुआ मोइत्रा ने एक पोस्ट में लिखा कि भारत में महिला विरोधी भावना पार्टी लाइन से परे है। तृणमूल कांग्रेस में जो बात अलग है वह यह है कि हम इन घृणित टिप्पणियों की निंदा करते हैं, चाहे वे कोई भी करे। ऐसा समझा जाता है कि इस पोस्ट के माध्यम से महुआ ने कल्याण बनर्जी के बयान पर निशाना साधा है।

## ओवरब्रिज से ट्रेन पर कूदकर आत्महत्या, डानकुनी स्टेशन पर मौत

**हुगली, समाज्ञा**

डानकुनी रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर एक दर्दनाक घटना घटी। जानकारी के अनुसार, शेख मारुफ (40) नामक एक व्यक्ति ने ओवरब्रिज से ट्रेन के ऊपर कूदकर जान दे दी। घटना के तुरंत बाद डानकुनी थाने की पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। रेलवे के अनुसार, इस घटना से ट्रेन परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, दोपहर करीब 1.30 बजे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 के फुट ओवरब्रिज पर शेख मारुफ को घूमते देखा गया। उसी समय हावड़ा-बर्दवान कॉर्ड लोकल ट्रेन प्लेटफॉर्म में प्रवेश कर रही थी। ट्रेन के आते ही मारुफ ओवरब्रिज से नीचे कूद गया। पहले वह रेलवे की हाइटेंशन तार पर गिरा, जिससे जोरदार धमाके के साथ बिजली की चिंगारी फूटी। इसके बाद, वह ट्रेन की छत पर गिरा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक शेख मारुफ डानकुनी के छावनीपाड़ा इलाके का रहने वाला था। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद से जूझ रहा था और अक्सर असंगत बातें करता था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या मानसिक तनाव की वजह से ही उसने आत्महत्या का कदम उठाया। मामले की जांच जारी है।

## टोक्यो से दिल्ली जा रही एयर इंडिया विमान की कोलकाता में आपात लैंडिंग

**कोलकाता, समाज्ञा**

एयर इंडिया की एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को उस समय कोलकाता डायवर्ट करना पड़ा, जब टोक्यो से दिल्ली जा रहे विमान एख357 के केबिन में यात्रियों को अत्यधिक गर्मी महसूस हुई। यात्रियों की सुरक्षा और आराम को ध्यान में रखते हुए एहतियातन कोलकाता एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग कराई गई। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार की बताई जा रही है। फ्लाइट एख357 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से संचालित हो रही थी, जापान के हनेडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। लेकिन, रास्ते में केबिन के अंदर लगातार गर्मी बढ़ती रही, जिससे यात्रियों और क्रू मेंबर्स गर्मी से बेहाल हो गए। अत्यधिक घुटन के बाद हालात असामान्य हो गए। एयर इंडिया ने अपने बयान में कहा कि फ्लाइट एख357 को 29 जून को टोक्यो से दिल्ली के बीच उड़ान भरते समय केबिन में लगातार गर्म तापमान की समस्या का सामना करना पड़ा। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विमान को कोलकाता डायवर्ट किया गया। कोलकाता एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद एयर इंडिया का ग्राउंड स्टाफ ने यात्रियों की मदद की। कंपनी ने यात्रियों को जल्द से जल्द दिल्ली भेजने के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था शुरू की गई। एयरलाइन ने यह भी बताया कि विमान की तकनीकी जांच की जा रही है ताकि इस तरह की समस्या दोबारा न हो। एयर इंडिया ने यात्रियों से हुई असुविधा के लिए खेद जताया है।

## क्या फिर सुकांत मजूमदार ही बनेंगे बीजेपी के बंगाल अध्यक्ष? फैसला अब बस वक्त की बात

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं तेज़ हैं। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के शीर्ष नेतृत्व की पसंद के आधार पर ही अंतिम नाम की घोषणा की जाएगी।

गौरतलब है कि बंगाल में बीजेपी अब तक संगठन का प्रभावी विस्तार नहीं कर पाई है, जिससे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की चिंता बढ़ी है। 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए सभी राजनीतिक दल अभी से तैयारी में जुट गए हैं। 2021 के निराशाजनक चुनाव परिणामों के बाद से संगठन को मजबूत करने को लेकर केंद्रीय नेता अमित शाह, जे.पी. नड्डा और सुनील बंसल लगातार सख्त संदेश दे



चुके हैं।

इस परिस्थिति में अगले प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर पार्टी नेतृत्व उलझन में है, लेकिन समय कम है। खबर है कि बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व सुनील बंसल की सलाह पर फिर से सुकांत मजूमदार को ही जिम्मेदारी सौंपने की इच्छुक है।

दौड़ में राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ नेता शमीक भट्टाचार्य भी शामिल हैं, लेकिन दिलीप घोष को लेकर फिलहाल कोई विचार नहीं है।

सूत्र बताते हैं कि 2 जुलाई को नामांकन होगा और 3 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। हालांकि, यह प्रक्रिया महज औपचारिकता मानी जा रही है, क्योंकि शीर्ष नेतृत्व के पसंदीदा नेता को ही यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

वर्तमान अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ही सबसे आगे माने जा रहे हैं। उनके बाद दौड़ में शमीक भट्टाचार्य, फिर अग्निमित्रा पॉल और ज्योतिरमय सिंह माहातो का नाम है। जानकारों का मानना है कि इस बार भी सुकांत का पलड़ा भारी रहेगा। सारी स्थिति 3 जुलाई को स्पष्ट हो जाएगी।

## पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन में सम्मानित हुए 415 होनहार छात्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के ऐतिहासिक महाजाति सदन का मंच उस दिन गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बन गया, जब शिक्षा, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की किरणें एक साथ वहां आलोकित हुईं। पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कोलकाता महानगर के 415 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी विद्या-साधना को नमन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए एक प्रेरणा बनकर आया, बल्कि समस्त समाज के लिए यह संदेश छोड़ गया कि जब शिक्षा, संस्कार और सेवा एक साथ चलें, तब उज्ज्वल भविष्य की राहें स्वयं बनती हैं। दीपों की लौ में जब सरस्वती वंदना की स्वर लहरियां गूंजीं, तो पूरे सभागार में एक दिव्यता का संचार हुआ। समारोह का उद्घाटन भागवताचार्य बालव्यास श्रीकांत शर्मा एवं पीपीपी समूह के सीईओ राजेश सोंथालिया, पार्षद महेश शर्मा, आईआरएस (जीएसटी) मनोज कुमार केडिया, सम्मेलन के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, महासचिव पंकज भालोटिया, चार्नक अस्पताल की निदेशक श्वेता शर्मा, एआईएमएफ के अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, ममता बिनानी एवं समाजसेवी संतोष सराफ, ने दीप प्रज्वलित कर किया।

भागवताचार्य श्रीकांत शर्मा ने अपने ओजस्वी और भावप्रवण आशीर्वचनों में कहा, आज ये बालक और बालिकाएं जिनके हाथों में सम्मान की ट्रॉफी है, कल समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के आधार स्तंभ बनेंगे। यह केवल सम्मान नहीं, एक संस्कार है, एक आह्वान है - उत्कृष्टता की ओर।

सम्मेलन के अध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल ने कहा कि यह क्षण सभी के परिश्रम और समर्पण का फल है।



उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, आप बिना पंखों के उड़ रहे थे, अब आपकी शैक्षिक योग्यता पंख बनेगी और आप नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। उन्होंने असफल विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि असली सफलता बार-बार उठ खड़े होने में है। मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने तनाव को मित्र बनाने और खेलकूद को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। उन्होने माता-पिता के त्याग को सफलता का आधार बताया और विद्यार्थियों से वादा लेने का आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता और देश का नाम गर्व से रोशन करेंगे। एआईएमएफ अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारों की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ जब चरित्र का बल जुड़ता है, तब जीवन सार्थक होता है। वहीं, चार्नक अस्पताल की निदेशक श्वेता शर्मा ने स्वास्थ्य को सफलता की पहली शर्त बताते हुए विद्यार्थियों से कहा कि मन और तन दोनों स्वस्थ हों, तभी आप जीवन के शिखरों को सहजता से स्पर्श कर पाएंगे।

सम्मेलन के उपाध्यक्ष विमल वेंगानी, बृजमोहन गाड़ोदिया, कैलाशपति तोदी, सुशील पोद्दार, पवन पटोदिया, प्रदीप लुहारीवाल, संदीप गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार सुधांशु शेखर, स्काउट गाइड डॉ. अविनाश गुप्ता, रूपल तोषनीवाल, सुभाष अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, ललित प्रहलादका और नरेश अग्रवाल समेत साथ ही कई प्रांतो के प्रांतीय अधिकारी समेत अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। सभागार में तालियों की गूंज, हर्ष और गौरव का संगीत रच रही थी। सम्मान समारोह के संयोजक मनीष बजाज ने अपने कुशल नेतृत्व के जरिये सभी सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कार्यक्रम को रुपायित किया।

कार्यक्रम का प्रबंध आनंद इवेंट्स के प्रदीप ढेडिया द्वारा किया गया एवं संचालन सच्चिदानंद पारीक ने अपनी भावपूर्ण शैली में किया। महासचिव पंकज भालोटिया ने समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी अतिथियों, शुभचिंतकों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस गरिमामयी आयोजन को सफल बनाने में अभिषेक शरद डोकानिया, शैलेश जिंदल, रूपक केडिया, गणेश अग्रवाल, संजय जैन, लक्ष्मण अग्रवाल, संजय रूंगटा, सोनू जैन, अभिषेक अग्रवाल समेत कई पदाधिकारियों का श्रम और समर्पण उल्लेखनीय रहा।

## केंद्रीय विद्यालय सांतरागाछी ने हावड़ा के स्कूलों में वितरित किए फुटबाल



❑ **हावड़ा के 417 स्कूलों को जल्द उपलब्ध कराए जाएंगे फीफा फुटबाल**

**कोलकाता :** बच्चों के विकास के लिए खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार रविवार को हावड़ा के सांतरागाछी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में स्कूलों के लिए फुटबाल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हावड़ा के करीब एक दर्जन सरकारी विद्यालयों को फीफा फुटबाल प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा सुभाष सरकार ने विद्यालय के प्रिंसिपल सुजीत पाल तिर्की सहित अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में केंद्रीय विद्यालय बामनगाछी सहित विभिन्न स्कूलों के बीच फुटबाल वितरित किए।

शिक्षा मंत्रालय की इस पहल के तहत हावड़ा जिले के स्कूलों में फुटबाल वितरण के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सांतरागाछी को ही नोडल स्कूल बनाया गया है। इस विद्यालय की ओर से हावड़ा के कुल 417 स्कूलों को जल्द ही फीफा फुटबाल उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय के एक वरिष्ठ शिक्षक ने बताया कि प्रत्येक स्कूल को न्यूनतम पांच से लेकर अधिकतम 12 फुटबाल प्रदान किए जाएंगे। समारोह में केंद्रीय विद्यालय, सांतरागाछी के प्रिंसिपल सुजीत पाल तिर्की सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षकगण, विद्यार्थी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूल मैदान में केवी सांतरागाछी और बांतरा एमएसपीसी हाई स्कूल के बीच एक प्रदर्शनी मैत्री फुटबाल मैच भी खेला गया, जिसका सभी ने लुत्फ उठाया। प्रिंसिपल सुजीत पाल तिर्की ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय की पहल के तहत आगामी चरणों में बंगाल के 11 हजार से अधिक स्कूलों में 88 हजार से अधिक फुटबाल वितरित किए जाएंगे, जिससे लाखों बच्चे लाभांवित होंगे।

## रामकेष्टोपुर घाट पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक पुलिस बूथ का उद्घाटन




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के रामकेष्टोपुर घाट पर हॉकरों द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को पोर्ट ट्रस्ट एवं हावड़ा सिटी पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मुक्त कराया। इसके साथ ही उक्त इलाके में महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर रविवार को तीन पिंक पुलिस बूथ का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर डीसी सेंट्रल विश्वजीत महतो, डीसी ट्रैफिक सुजाता बीना-पानी, हावड़ा थाने के ओसी संदीप पखीरा, टीआई सुकांत अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

## 21 जुलाई के समर्थन में तृणमूल की महा रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह



**हावड़ा :** 21 जुलाई के समर्थन में आमता विधानसभा केंद्र के बक्सिहाट अंचल क्षेत्र में रविवार को तृणमूल कांग्रेस की महा रैली आयोजित हुई। आमता के विधायक सुकांत पाल सहित हजारों तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक इसमें शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, आमता विधानसभा केंद्र के बक्सिहाट अंचल तृणमूल कांग्रेस की पहल पर 21 जुलाई के समर्थन में इस दिन महा रैली आयोजित की गई। बगनान थाना के मानकुर गैरेज मोड़ से काज़ीबेड़िया मोड़ तक आयोजित इस रैली में विधायक सुकांत पाल समेत अन्य नेतागण मौजूद थे। लगभग 5 किलोमीटर की पदयात्रा में कई आम लोग रास्ते के दोनों किनारों पर भीड़ लगाकर खड़े थे। सुकांत पाल ने कहा, इस बार की इक्कीस जुलाई ऐतिहासिक होगी। आमता विधानसभा केंद्र के प्रत्येक अंचल क्षेत्र से अधिक से अधिक लोग पहुंचेंगे। उसी के अनुसार इस दिन मानकुर गैरेज मोड़ से काज़ीबेड़िया मोड़ तक आयोजित रैली में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। मैं स्वयं उपस्थित था।

## रूपनारायण नदी में प्रदूषण या जहर से मछलियों की मौत? बड़ी संख्या में मरी मछलियाँ तैरती देख दहशत में स्थानीय लोग!

**हावड़ा :** रूपनारायण नदी के पानी में प्रदूषण है या किसी ने जानबूझकर ज़हर मिलाया? रविवार को रूपनारायण नदी में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियाँ तैरती देखे जाने पर हड़कंप मच गया। यह घटना मानकुर और बक्शी घाट से सटे रूपनारायण नदी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के बीच चिंता और भय का माहौल पैदा कर देती है। पर्यावरण कार्यकर्ता भी इस विषय को लेकर सक्रिय नजर आए।

ग्रामीण हावड़ा के बक्शी क्षेत्र से होकर बहती है रूपनारायण नदी। बारिश के कारण जलस्तर अच्छा है, लेकिन स्थानीय लोगों की नजर पड़ी जब उन्होंने बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियाँ पानी में तैरती देखीं। इनमें सबसे अधिक चेंगो मछली, साथ ही झींगा, छोटी पौना मछलियाँ भी मृत अवस्था में पाई गईं। खबर मिलते ही



पर्यावरण कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी देखा कि मानकुर और बक्शी इलाके में बड़ी संख्या में मरी मछलियाँ तैर रही हैं और पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है।

पर्यावरण कार्यकर्ता चित्रक प्रमाणिक ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, अचानक इतनी मछलियाँ क्यों मर रही हैं, यह समझ में नहीं आ रहा है। यह किसी फैक्ट्री के दूषित जल या किसी जहरीले रासायनिक क्रिया का नतीजा हो सकता है। कई बार कुछ लोग अवैध तरीके से नदी में ज़हर घोलकर मछलियाँ पकड़ते हैं। मत्स्य विभाग को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए, वरना रूपनारायण नदी का पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो जाएगा। इससे स्थानीय मछुआरों की आजीविका पर असर पड़ेगा और गंगा की डाल्फिन जैसी अन्य जलीय प्रजातियाँ भी मरी हुई मछलियाँ खाकर मर सकती हैं।

रूपनारायण नदी जैव विविधता से भरपूर है। इसमें गंगा की डाल्फिन पाई जाती है। मानसून के समय इलीश मछली भी मछुआरों के जाल में आती है। इसके अलावा चेंगो सहित कई प्रजातियों की मछलियाँ मिलती हैं। इस घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बगनान ब्लॉक नंबर 1 के मत्स्य अधिकारी स्वप्न बोयाल से शिकायत की। लेकिन स्थानीयों का आरोप है कि उन्होंने केवल आश्वासन दिया, पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हालांकि इस विषय में स्वप्न बाबू की कोई प्रतिक्रिया अब तक सामने नहीं आई है।

## शहबाज बने एनसीपी यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष
## विधानसभा चुनाव में एनसीपी भी उतरेगी मैदान में : प्रदेश अध्यक्ष



**हावड़ा :** अगले वर्ष राज्य में विधानसभा चुनाव है। इसके पहले एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) अपनी पार्टी को मजबूत करने में जुटी है। इसी क्रम में बंगाल के युवाओं को इस पार्टी से जोड़ा जा रहा है। शिवपुर के काजीपाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में मोहम्मद शहबाज हुसैन को एनसीपी (यूथ विंग) का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अर्सलान खालिद ने उन्हें नियुक्ति पत्र देकर पार्टी में स्वागत किया। अर्सलान ने कहा कि उनकी पार्टी बंगाल के हर जिले में युवाओं को जोड़कर अपने आप को मजबूत करने में जुटी है। पार्टी का लक्ष्य विशेषकर युवाओं को जोड़ना है। अगले विधानसभा चुनाव में एनसीपी भी मैदान में उतरेगी और डट कर मुकाबला करेगी। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष का पद मिलने के बाद शहबाज ने कहा कि वह पार्टी के हर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे और जनता के हक के लिए आवाज उठायेंगे।

## पूर्व रेलवे ने ‘उद्यमी सम्मेलन-2025’ में लिया सक्रिय भाग, एमएसएमई को दी नई ऊर्जा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में योगदान देने के उद्देश्य से ’उद्यमी सम्मेलन मेला-2025’ में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह सम्मेलन 28 जून को राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता के भाषा भवन सभागार में लघु उद्योग भारती - पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय कानून एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया।

यह सम्मेलन उद्यमिता को बढ़ावा देने, व्यापार करने में सरलता लाने और एमएसएमई के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की सरकार की पहल का हिस्सा रहा। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के



महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक संदीप शुक्ला, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता परमिंदर शर्मा, लिलुआ कार्यशाला प्रबंधक यतीश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व रेलवे ने इस कार्यक्रम में एलएचबी कोच, आईसीएफ कोच और वैगनों के निर्माण और अनुरक्षण में प्रयुक्त 100 चयनित पुर्जों का प्रदर्शन किया, जिनका बाजार मूल्य लगभग 800 करोड़ आंका गया है। ये पुर्जे कम पूंजी निवेश, अधिक उत्पादन क्षमता और कच्चे माल की आसान उपलब्धता के कारण एमएसएमई के लिए आदर्श हैं। पूर्व रेलवे ने एमएसएमई के साथ सहयोग कर आत्मनिर्भर रेलवे संरचना विकसित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## हावड़ा में कसबा दुष्कर्म कांड के आरोपी के घर छापेमारी, गुस्साई भीड़ ने घेरा

**हावड़ा, समाज्ञा :** कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच एक नए मोड़ पर तब पहुंची जब पुलिस आरोपी को उसके हावड़ा स्थित घर लेकर पहुंची और वहां माहौल अचानक उग्र हो गया। जैसे ही मोहल्लेवालों को पता चला कि आरोपी को घर लाया गया है, लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। आरोपी को गाड़ी से उतारते ही भीड़ भड़क उठी और उस पर हमला करने को तैयार दिखी। हालात, को भांपते हुए पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला और आरोपी को भीड़ से बचाकर घर के अंदर ले गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तलाशी के लिए घर लाया गया था, जो जांच में महत्व-पूर्ण माने जा रहे हैं। पुलिस टीम करीब एक घंटे तक घर में रही। इस




दौरान आरोपी के कमरे की तलाशी ली गई और परिजनों से पूछताछ भी की गई। हालांकि, पुलिस को वह उपकरण मिले या नहीं, इस पर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस पहले से ही किसी अप्रिय घटना की आशंका में अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को लेकर पुलिस वहां से रवाना हो गई। घटनास्थल पर मौजूद भीड़ का गुस्सा पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से नियंत्रण में लाया गया।

## शिव शक्ति समिति के सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**हुगली, समाज्ञा :** अयोध्या के प्रसिद्ध कथा वाचक पं. संदीप त्रिपाठी महाराज शिव शक्ति समिति के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा में पहुंचे। यह कथा 29 जून से शुरू हुई जो 6 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान, महारक्तदान शिविर, कथा समाप्ति के बाद महाभंडारा, बड़े बुजुर्गों का सम्मान, महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। रविवार को भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गंगा घाट से कलश में जल भरकर सैकड़ों लोग कथा स्थल तक पहुंचे। संस्था के संयोजक पार्षद कामाख्या नारायण सिंह ने अभिनंदन और स्वागत किया। इस दौरान, शेखर शर्मा, भरत शाह,



जयप्रकाश पांडेय, कन्हैया लाल शर्मा, सत्येंद्र सिंह, काली पत्रों, उमेश यादव, राजकुमार सिंह, सोनू पांडे, अमित धीम, नचैन प्रकाश, गणेश शर्मा, टुनी सिंह, निक्कू पांडे, शशि सिंह मिलन, बाबूराव, अजय सिंह, निमाई नायक, रौनक सिंह, गणेश राजभर, संतोष चौधरी, रोहित सोनकर समेत अन्य उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष दारा सिंह सभी का अभिवादन किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कोटा में तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, दो बच्चों समेत तीन की मौत

**कोटा (राजस्थान):** कोटा में रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे 32 वर्षीय व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उद्योग नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्री राम फैक्ट्री के सामने दोपहर करीब 2:30 बजे हुई, जब परिवार कांसवा क्षेत्र में एक समारोह में शामिल होने जा रहा था। क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान कोटा शहर के रानपुर थाना क्षेत्र के निवासी करिशन कहार (32), उनकी तीन वर्षीय बेटी यशस्वी और चार महीने के बेटे पार्थ के रूप में हुई है। करिशन की पत्नी ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गई है और वह उपचाराधीन है।

### मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल, युवक गिरफ्तार

**बदायूं (उप्र):** बदायूं जिले के दातागंज क्षेत्र में एक मंदिर के परिसर में नमाज पढ़ने पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी के.के. तिवारी ने रविवार को बताया कि दातागंज थाना क्षेत्र के पापड़ गांव में ब्रह्मदेव देवस्थान नामक प्राचीन मंदिर के परिसर में एक युवक के नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ था और इसे देखकर कुछ हिंदूवादी संगठनों ने विरोध जताया। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया और वीडियो में नमाज पढ़ते दिख रहे अली हसन नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

### शाहजहांपुर पुलिस ने परामर्श के जरिए वैवाहिक कलह दूर कर 90 जोड़ों की शादी टूटने से बचाई

**शाहजहांपुर (उप्र):** शाहजहांपुर जिले की पुलिस ने एक विशेष प्रयास के तहत पिछले छह माह में 'परामर्श' के जरिए वैवाहिक कलह दूर कर 90 जोड़ों की शादी को टूटने से बचाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपनी पहल को एक कदम आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने अब इन परिवारों में सुख-शांति सुनिश्चित करने के लिए उनकी निगरानी करने और समय-समय पर कुशलक्षेम जानने का भी सिलसिला शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस लाइन में स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पिछले छह माह में वैवाहिक कलह के 265 मामले आए, जिनमें से 90 मामलों का विशेष परामर्श के माध्यम से समाधान किया गया।

### पटना रैली में तेजस्वी के भाषण के दौरान मंच से टकराया ड्रोन, झुक कर खुद को बचाया

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के भाषण के दौरान एक ड्रोन मंच से टकरा गया लेकिन उन्होंने फुरती दिखाते हुए झुक कर खुद को बचा लिया।
रविवार को यह घटना उस समय हुई जब पूर्व उपमुख्यमंत्री यहां ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ' रैली को संबोधित कर रहे थे। पटना की पुलिस अधीक्षक (मध्य) दीक्षा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'हम घटना की जांच कर रहे हैं। यह एक प्रतिबंधित क्षेत्र था और ऐसी कोई वस्तु वहां नहीं आनी चाहिए थी। जब रैली हो रही थी, तब पुलिस टीम भीड़ को संभालने में व्यस्त थी। लेकिन मामले की निश्चित रूप से गहन जांच की जाएगी।'

### उत्तर प्रदेश में वन विभाग सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे रोपेगा

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार एक से सात जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन करेगी और पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में दावा किया गया कि वन विभाग सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाएगा। इसमें कहा गया,'उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार धूमधाम से वन महोत्सव (एक से सात जुलाई) का आयोजन करेगी। मानसून में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।' प्रदेश में पौधारोपण के लिए कुल 2586 पौधशालाओं में 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाएगा। वहीं उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा एक्सप्रेसवे के समीप भी 2.50 लाख पौधरोपण किया जाएगा।

# बिहार के हित में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहता हूं : चिराग पासवान



**राजगीर(बिहार):** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि वह बिहार के हित में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। साथ ही आरोप लगाया कि विरोधी उनके रास्ते में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा के राजगीर में 'बहुजन भीम संकल्प समागम' नामक एक रैली को संबोधित किया। हाजीपुर के सांसद ने लोगों से विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया गठबंधन) के 'झूठे आख्यान' के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया, जिसने ''पिछले वर्ष लोकसभा चुनावों के दौरान आरोप लगाया था कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरा कार्यकाल मिला तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा।' पासवान ने आरोप लगाया, 'वे विधानसभा चुनावों से पहले फिर से वही चाल चलने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन आपको याद रखना चाहिए कि संविधान पर सबसे बुरा हमला आपातकाल के दौरान हुआ था, जब कांग्रेस सत्ता में थी और अनगिनत युवाओं, जिनमें ज्यादातर दलित, अल्पसंख्यक और ओबीसी थे, की जबरन नसबंदी कर दी गई थी।' उन्होंने कहा, 'आज कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पटना में एक रैली में भाग लेकर खुद को अल्पसंख्यकों के मसीहा के रूप में पेश करने की कोशिश में व्यस्त हैं, जहां वे वक्फ अधिनियम का विरोध कर रहे हैं, जो गरीब मुसलमानों के लाभ के लिए लाया गया था। उनसे तुर्कमान गेट नरसंहार के बारे में पूछा जाना चाहिए।' केंद्रीय मंत्री ने राजद के तेजस्वी यादव पर 'केवल सत्ता के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन' करने का आरोप लगाते हुए चुनौती दी कि वे 'आपातकाल के दौरान की गई ज्यादतियों के लिए राहुल गांधी से माफी की मांग करें, जिसके पीड़ितों में उनके अपने पिता (राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद) भी शामिल हैं।' पासवान ने 'संविधान की लाल किताब' लेकर चलने के लिए राहुल गांधी का मखौल उड़ाते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए उसने बाबासाहेब आंबेडकर के योगदान को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा, 'यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित वी.पी. सिंह की सरकार थी, जिसमें मेरे आदर्श और पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान मंत्री थे, जिसके कारण बाबा साहब को भारत रत्न दिया गया, संसद में उनकी तस्वीर लगाई गई और कांग्रेस द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दी गई मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू किया गया।' उन्होंने कहा, 'विपक्ष लगातार झूठ बोल रहा है कि आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। मैं आपको गारंटी देता हूं कि जब तक चिराग पासवान जीवित हैं, ऐसा नहीं होगा।'' लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की राजनीति में उनकी रुचि 'राजद शासन के तहत व्याप्त अराजकता के कारण पलायन करने को मजबूर हुए लोगों के अपने घर लौटने'' का प्रतीक है। पासवान ने कहा, 'कई लोग इस बात से घबराए हुए हैं कि मैं बिहार आना चाहता हूं। वे जानना चाहते हैं कि क्या मैं यहां चुनाव लड़ूंगा। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं बिहार के लिए विधानसभा चुनाव लड़ना चाहता हूं। ताकि 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' का मेरा सपना साकार हो सके।'

### राष्ट्रपति मुर्मू बरेली और गोरखपुर के संस्थानों के दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत

**बरेली/ गोरखपुर (उप्र):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी और वह पहले बरेली और फिर गोरखपुर के कार्यक्रमों में शामिल होंगी। अधिकारियों के अनुसार, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों जगह उनका स्वागत करेंगे। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुर्मू गोरखपुर में दो दिनों के प्रवास पर आ रही हैं। वह तीन संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी और गोरखपुर विमान तल पर उतरने के बाद 129 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी। बयान के मुताबिक, मुर्मू सोमवार 30 जून को दोपहर में गोरखपुर पहुंचगीं और अगले दिन मंगलवार, एक जुलाई की शाम प्रस्थान करेंगी। इसके पहले वह बरेली स्थित एक पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। बयान के अनुसार, सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावी छात्रों को पदक प्रदान करेंगी जबकि एक जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले 'महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय', पिपरी भटहट का लोकार्पण करेंगी।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में सरकार बनने के बाद महागठबंधन वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंक देगा: तेजस्वी यादव



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को दावा किया कि बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता से बाहर होने वाला है और महागठबंधन की सरकार बनने पर केंद्र सरकार द्वारा लाये गये वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। यादव ने यहां ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित 'वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ' रैली को संबोधित किया, जहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता विरोध स्वरूप काली पट्टियां बांधकर पहुंचे थे। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने कहा, हमारे (राजद के) राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने स्पष्ट कर दिया है कि राजद इस कानून का पुरजोर विरोध करेगा। हमारे सांसदों ने संसद के दोनों सदनों में इसका विरोध किया। हमने इस कानून के खिलाफ अदालत का भी दरवाजा खटखटाया है।'

### मथुरा में चार से 11 जुलाई तक 'मुड़िया पूनों' मेले का आयोजन

**मथुरा (उप्र):** मथुरा जिले के गोवर्धन में 'मुड़िया पूनों' मेले का आयोजन चार से 11 जुलाई तक किया जाएगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गौड़ीय संप्रदाय के प्रवर्तक चैतन्य महाप्रभु के शिष्य सनातन गोस्वामी के तिरोभाव (निधन) दिवस पर आयोजित होने वाले इस मेले में इस बार लगभग एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। जिला प्रशासन ने मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। उनके मुताबिक, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे मेला परिसर को नौ सुपर जोन, 21 जोन और 62 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। इन क्षेत्रों में चार हजार से अधिक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। जानकारों के मुताबिक, आषाढ़ पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के कारण व्यास पूर्णिमा और गुरु पूर्णिमा के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, ब्रज में यह दिन 'मुड़िया पूर्णिमा' या 'मुड़िया पूनों' मेले के नाम से जाना जाता है। जिलाधिकारी (डीएम) चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि मेले की व्यवस्था के लिए अपर जिलाधिकारी स्तर के अधिकारी को मेलाधिकारी नियुक्त किया गया है, और जोन तथा सेक्टरों में उप जिलाधिकारी एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राज्य के कई जनपदों से कुल 1100 सरकारी बसें चलाई जाएंगी। उनके अनुसार, चिकित्सा सुविधाओं के लिए एक स्थाई अस्पताल के साथ-साथ कई अस्थाई अस्पताल और मेडिकल पोस्ट भी बनाए गए हैं।

### मिदनापुर पहुँचा होंडा का रोड सेफ्टी मिशन, 2000 से ज्यादा छात्रों को दी गई ट्रेनिंग

**मिदनापुर :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आर. एन. एल. के. विमेंस कॉलेज और गवर्नमेंट आईटीआई के 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने हिस्सा लिया। इंटरऐक्टिव सेशन्स और वर्चुअल राइडिंग सिम्युलेटर के ज़रिए प्रतिभागियों को हेलमेट की अहमियत, ट्रैफिक नियम और सुरक्षित राइडिंग की ट्रेनिंग दी गई। इस पहल के तहत 'किकेन योसोकू ट्रेनिंग' जैसी वैज्ञानिक तकनीकों से सड़क पर खतरे की पहचान और सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया गया। एचएमएसआई के इस अभियान का उद्देश्य है - 2030 तक सड़क हादसों में मौतें आधी करना और सुरक्षित राइडिंग कल्चर को बच्चों से शुरू करना। होंडा की यह मुहिम अब तक देशभर में 1 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है।

### उत्तर प्रदेश पुलिस ने कानून-व्यवस्था के लिए 10 प्राथमिकताओं पर बनाई कार्ययोजना

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस ने राज्य में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10 प्रमुख प्राथमिकताओं पर आधारित कार्ययोजना तैयार की है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर बनाई गई इस योजना में अपराधियों के खिलाफ सख्ती, महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध से मुकाबला, एआई व तकनीक का उपयोग, बेहतर पुलिस सेवाएं, पुलिस कल्याण और जनशिकायतों के निवारण जैसे बिंदु शामिल हैं।प्रत्येक प्राथमिकता के लिए स्पष्ट और मापनीय लक्ष्य तय किए जाएंगे, ताकि उसे व्यावहारिक रूप से लागू किया जा सके। योजना निर्माण में संबंधित अधिकारियों, कर्मियों व विशेषज्ञों की राय भी ली जाएगी। उद्देश्य है-यूपी पुलिस को देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस बल बनाना।

## राजस्थान: पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मौत



**जयपुर:** राजस्थान के भरतपुर में रविवार सुबह पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कुछ मजदूर जंगी का नगला गांव के पास पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए 10 फुट गहरे गड्ढे को भर रहे थे तभी मिट्टी धंस गई और मजदूर उसमें दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर अन्य श्रमिकों और परियोजना कर्मचारियों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया, लेकिन मिट्टी की गहराई और भारीपन के कारण तत्काल प्रयास करना कठिन हो गया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचे।

## नेपाल सीमा पर प्रतिबंधित फ्रीक्केंसी वाले वॉकी-टॉकी बरामद : सात लोग गिरफ्तार

**बहराइच (उप्र):** नेपाल के सीमावर्ती बहराइच जिले के रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों ने प्रतिबंधित फ्रीक्केंसी वाले पांच वॉकी-टॉकी बरामद कर सात व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने एसएसबी के एक अधिकारी की तहरीर पर दूरसंचार अधिनियम, भारतीय तार अधिनियम व भारतीय बेतार तार यांत्रिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये संदिग्ध महाराष्ट्र के पुणे, ठाणे तथा उत्तर प्रदेश के बहराइच, बिजनौर और कुशीनगर के निवासी हैं। एसएसबी के अनुसार, पकड़े गये सभी लोग नेपाल स्थित इस्लामिक संघ ऑफ नेपाल के पदाधिकारी से मिलकर लौटे हैं। यह संगठन पाकिस्तानी एजेंसियों से वित्तपोषित होता है। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विगत 27 जून की शाम रूपईडीहा सीमा पर एसएसबी के निरीक्षण के




दौरान नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश कर रहे कार सवार सात लोगों को रोका गया और तलाशी के दौरान उनके कब्जे से प्रतिबंधित 'हॉपिंग फ्रीक्केंसी' युक्त पांच इलेक्ट्रानिक वॉकी टॉकी सेट बरामद हुए। उन्होंने बताया कि 'हॉपिंग फ्रीक्केंसी इनेबल्ड' सेट को भारत में लाइसेंस के बगैर इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है और इस तकनीक में बातचीत के दौरान फ्रीक्केंसी लगातार बदलती रहती है, जिससे उसे पकड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। उदावत ने बताया कि संदिग्धों के पास से वॉकी टॉकी मिलने के बाद विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उनसे पूछताछ की गयी। अधिकारी ने बताया कि वे प्रतिबंधित 'हॉपिंग फ्रीक्केंसी इनेबल्ड' वॉकी टॉकी को नेपाल ले जाने का स्पष्ट कारण नहीं बता सके और पूछताछ के दौरान मालूम हुआ कि पकड़े गये लोगों में से एक पुणे निवासी मोहम्मद मुस्लिम वर्षों पूर्व बहराइच के मटेरा इलाके में रहता था तथा वह 15-20 साल पहले कैटरिंग का व्यवसाय करने महाराष्ट्र के पुणे शहर में जाकर बस गया था।

## भाजपा के जितने भी 'इंजन' हैं, सब 'ईंधन' के जुगाड़ में लगे हुए : अखिलेश यादव

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सत्ताधारी दल के जितने भी 'इंजन' हैं, सब 'ईंधन' के जुगाड़ में लगे हुए हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के राज में व्यापार आर्थिक-सामाजिक आपातकाल के दौर से गुजर रहा है और यह व्यापारियों के ऊपर नई तरह की 'इमरजेंसी' है। सपा मुख्यालय में पार्टी के फ्रंटल संगठन 'व्यापार सभा' के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक बैठक में शामिल होने के बाद यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, कहने को तो यह सरकार 'डबल इंजन' की है और भारतीय जनता पार्टी के लोग कभी यह कहते हुए थकते नहीं कि यह 'डबल इंजन' की सरकार है। उन्होंने तंज कसते



हुए कहा कि इनके काम करने का तरीका देखें तो सच्चाई सामने आ जाएगी और आज सरकार में हर इंजन ईंधन की जुगाड़ में लगा हुआ है। यादव ने 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद सपा की सरकार बनने की उम्मीद जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर व्यापारियों की सुरक्षा व सम्मान के लिए तथा उनके कारोबार को सहूलियत देने के लिए कदम उठाएगी। सपा प्रमुख ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) समेत कर प्रणाली को लेकर सत्तारूढ़ दल की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा ने समय-समय पर व्यापारियों को यह भरोसा दिलाया कि करों के सरलीकरण से व्यापार को लाभ पहुंचेगा, लेकिन सच्चाई यह है कि इन कानूनों ने व्यापारियों को उलझाया है और गलत नीतियों के चलते व्यापार संकट में आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर आरोप लगाया, इनका 'टैक्स सिस्टम' व्यापारियों के अंदर भय पैदा कर रहा है। जीएसटी के पुराने व झूठे नोटिस सपा की विचारधारा को मानने वाले व्यापारियों को भेजे जा रहे हैं। मामलों के निपटारे के नाम पर वसूली का पूरा तंत्र काम कर रहा है। यादव ने आरोप लगाया कि सरकार बिचौलियों की आमदनी कैसे बढ़े, इसके लिए फैसला ले रही है। उन्होंने दावा किया कि कुछ भाजपाई मुनाफाखोरों की वजह से बड़े व्यापारियों की छवि खराब हो रही है।

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय है: केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत



**जयपुर:** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 1975 में लगाये गये आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का 'सबसे काला अध्याय' बताते हुए रविवार को आरोप लगाया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता पर चिपके रहने के लिए इस दौरान संविधान का गला घोंट दिया था। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजस्थान के झुंझुनू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शेखावत ने कहा कि इस दौरान लोकतंत्र, न्यायपालिका, मीडिया और नागरिक स्वतंत्रता को कुचल दिया गया था। उन्होंने कहा, 'नेताओं को जेल में डाल दिया गया, न्यायपालिका पर दबाव डाला गया और प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया।' भारतीय जनता पार्टी के नेता शेखावत ने दावा किया कि आपातकाल के बीज तब बोए गए जब 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद अहंकार ने कांग्रेस पार्टी को जकड़ लिया था। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए शेखावत ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में वह 'अप्रासंगिक' हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के रूप में इन दिग्गज नेता के तीन कार्यकालों के बावजूद उन्हें दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा,'गहलोत अब राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बने रहने के लिए निराधार और भ्रामक बयान दे रहे हैं।'' शेखावत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अब भी 'होटल राजनीति' की मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं।

## गांधी परिवार का संविधान को कुचलने का इतिहास रहा है: उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधी परिवार का संविधान को कुचलने का इतिहास रहा है। मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने को अंग्रेजी शासन का असली उत्तराधिकारी मानने वाले गांधी परिवार को भारत के संविधान से कभी कोई खास लेना-देना नहीं रहा बल्कि उसे 'कुचलने' का इतिहास रहा है। मौर्य ने कहा अंग्रेजियत' में डूबा गांधी परिवार अगर कायदे से भारतीय संविधान पर अमल करता, तो उसे आज संविधान अपने 'माथे पर लेकर घूमना' नहीं पड़ता।

# झारखंड: भारी बारिश के बाद जलमग्न आवासीय स्कूल से 162 छात्र सुरक्षित निकाला गया

**जमशेदपुर:** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारी बारिश के कारण जलमग्न हुए एक निजी आवासीय विद्यालय से 162 छात्रों को पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने रविवार को सुरक्षित बाहर निकाला। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर-कोवाली रोड पर पांडरसोली स्थित स्कूल में भारी बारिश के कारण पानी भर जाने से छात्र शनिवार रात से ही फंसे हुए थे। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया हमें जानकारी मिली कि भारी बारिश के कारण जलमग्न हुए लव कुश आवासीय विद्यालय में 162 छात्र फंस गए थे जिसके बाद शिक्षकों ने सभी छात्रों को छत पर स्थानांतरित कर दिया, जहां उन्होंने रात बिताई।



उन्होंने कहा, आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से एक-एक करके छात्रों को बचाया गया। गर्ग ने बताया कि इस बचाव अभियान में नौकाओं का भी इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को बुलाया गया था। हालांकि, उनके पहुंचने से पहले ही सभी छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया। कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि विद्यालय का एकमंजिला भवन पूरी तरह जलमग्न हो गया था और इसे अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय छात्रों को उनके घर भेज दिया गया है, जबकि शेष छात्रों को उनके जिलों - दुमरिया, घाटशिला, मुसाबनी और जमशेदपुर में स्थित घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। इस बीच, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन ने खड़खाई और स्वर्णरिखा नदियों के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी और ओडिशा के रायरंगपुर बांध से पानी छोड़े जाने की आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने खड़खाई और स्वर्णरिखा नदी के तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन की सलाह का पालन करने की अपील की है।

### झारखंड के लातेहार में सहायक बैंक प्रबंधक का शव फंदे से लटका पाया गया

**लातेहार (झारखंड):** झारखंड के लातेहार जिले में एक निजी बैंक के सहायक प्रबंधक का शव पंखे में लगे फंदे से लटका पाया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अंबवाटोली में घटी। पुलिस ने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान बिहार के पटना निवासी मिथिलेश कुमार ठाकुर (32) के रूप में हुई है। महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। हम सभी पहलुओं से इसकी जांच कर रहे हैं। ठाकुर के एक सहकर्मी ने दावा किया कि वह शनिवार रात उनसे मिलने गए थे। कुमार ने दावा किया, गेट बाहर से बंद देखकर मैंने घर के मालिक को फोन किया। जब हमने घर के अंदर झांका तो देखा कि ठाकुर का शव पंखे में लगे फंदे से लटका था।

## लोकसभा में उत्तर प्रदेश और बिहार की अधिक सीट होनी चाहिए : उपेंद्र कुशवाहा



**गयाजी(बिहार):** पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को दावा किया कि बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है और स्थिति को सही करने के लिए परिसीमन जरूरी है। राज्यसभा सदस्य कुशवाहा ने गयाजी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इस दावे को भी 'भ्रामक' करार दिया कि परिवार नियोजन उपायों के बेहतर क्रियान्वयन से दक्षिणी राज्यों की जनसंख्या वृद्धि धीमी हो गई है और परिसीमन से ये राज्य नुकसान में रहेंगे। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम)के अध्यक्ष कुशवाहा ने दावा किया, ''अगर हम 1881 में, जब ब्रिटिश राज में पहली जनगणना हुई थी, और 1947 में स्वतंत्रता के बीच की अवधि को देखें, तो दक्षिणी राज्यों में विकास दर अधिक थी। इसका कारण बिहार और उससे सटे उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के अकाल और महामारी का अधिक गंभीर रूप से प्रभावित होना था।' उन्होंने कहा, 'यदि हम आंकड़ों पर गौर करें तो दक्षिणी राज्यों में प्रत्येक 21 लाख लोगों पर एक लोकसभा क्षेत्र है, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में 31 लाख लोग एक सांसद चुनते हैं। यह बाबा साहब आंबेडकर के एक व्यक्ति एक वोट तथा प्रत्येक वोट के समान मूल्य के सिद्धांत के विरुद्ध है।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के वास्ते 58 पर्यवेक्षक नियुक्त किये

**नयी दिल्ली :** बिहार में इस साल के उत्तरार्ध में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के वास्ते कमर कसते हुए कांग्रेस ने रविवार को इस सिलसिले में 58 पर्यवेक्षक नामित किये। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव के लिए 58 पार्टी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की, जिनमें विंग कमांडर अनुमा आचार्य (सेवानिवृत्त), अली मेहंदी, अशोक चांदना, मनोज यादव, नदीम जावेद, शोएब खान, अखिलेश यादव, वीरेंद्र यादव जैसे नेता शामिल हैं। बिहार में पिछले विधानसभा चुनाव में 'महागठबंधन' के सबसे बड़े घटक दल राजद ने 144 सीट पर चुनाव लड़ा था और 75 सीट जीती थीं। बिहार में विधानसभा की 243 सीट हैं। कांग्रेस ने 70 सीट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे केवल 19 सीट मिलीं। गठबंधन की दूसरी सहयोगी भाकपा (माले) लिबरेशन ने 19 सीट पर चुनाव लड़ा और 12 सीट हासिल कीं।

### चेन्नई के व्यक्ति से 2.26 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी, चार गिरफ्तार

**चेन्नई :** चेन्नई के एक निवासी को ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर उससे दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उच्च लाभ के लालच में आकर व्यक्ति ने आईपीओ/शेयर खरीद में निवेश करने के लिए ऑनलाइन लिंक पर क्लिक किया और कई लेन-देन में 2.26 करोड़ रुपये जमा किए। इसमें कहा गया कि पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया गया और उसे निवेश पर उच्च रिटर्न का लालच देकर ठगा गया। पुलिस ने बताया कि विशेष टीम गठित की गईं और जांच के बाद तिरुनेलवेली और तेनकासी के जालसाजों की पहचान हुई। मामले में 60 वर्षीय सत्यनारायणन और तीन अन्य मणिवेल, रोशन और सिमसन चेल्लादुरई को गिरफ्तार किया गया, जिनकी उम्र 25 से 35 के बीच है।

### 'आप' ने अमृतसर उत्तर से विधायक विजय प्रताप सिंह को पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित किया

**चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अमृतसर उत्तर सीट से विधायक एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पांच साल के लिए 'आप' से निलंबित कर दिया। सिंह ने कुछ दिन पहले आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी के तरीके पर सवाल उठाया था। पार्टी ने बताया कि सिंह को पार्टी से निलंबित करने का फैसला 'आप' की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया। इसने कहा कि सरकार का संदेश स्पष्ट है कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 'आप' प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि विधायक को पार्टी के खिलाफ लगातार सार्वजनिक बयान देने के कारण निलंबित किया गया है।

### साइबर धोखाधड़ी के 10 मामलों में गुजरात, मुंबई और जयपुर से 35 लोग गिरफ्तार

**नवसारी :** गुजरात के नवसारी जिले में साइबर धोखाधड़ी के 10 मामलों के सिलसिले में तीन राज्यों से 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नवसारी के पुलिस अधीक्षक सुशील अग्रवाल ने बताया कि नवसारी पुलिस ने तीन करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी के 10 मामलों में 'ऑपरेशन साइबर स्टॉर्म' के तहत आरोपियों को पकड़ने के लिए एक एकीकृत जांच पद्धति का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि आरोपियों को हाल ही में गुजरात के विभिन्न हिस्सों, राजस्थान के जयपुर और मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि ये गिरफ्तारियां मोबाइल लिंक, फर्जी फेसबुक आईडी, शेयर बाजार में निवेश और ऑनलाइन ट्रेडिंग से जुड़े मामलों में उनकी संलिप्तता के चलते की गई हैं।

# मानसून पूरे देश में पहुंचा : उत्तराखंड में बादल फटने से दो लोगों की मौत, कई राज्यों में रेड अलर्ट



**नयी दिल्ली/ शिमला/ उत्तरकाशी :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रविवार तड़के बादल फटने के कारण दो निर्माण श्रमिकों की मौत हो गई और सात लापता हो गए। इधर, मानसून अपनी सामान्य तिथि से करीब एक सप्ताह पहले पूरे देश में पहुंच गया, जिसके चलते राष्ट्रीय राजधानी और अन्य उत्तरी राज्यों में बारिश हुई और कई पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार और नैनीताल समेत उत्तराखंड के कई जिलों में 29 और 30 जून को भारी बारिश के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। राज्य प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को लेकर चारधाम यात्रा को एक दिन के लिए रोक दिया है। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों के लिए मूसलाधार वर्षा का ऐसा ही 'रेड अलर्ट' जारी किया है। राज्य में 20 जून को मानसून के आगमन के बाद से बारिश से संबंधित घटनाओं में 20 लोगों की जान जा चुकी है। उत्तराखंड में बादल फटने के कारण भूस्खलन होने पर उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक होटल के निर्माण में लगे श्रमिकों के अस्थायी आश्रय नष्ट हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के कारण राजमार्ग का लगभग 10 मीटर हिस्सा बह गया और उस वक्त 29 श्रमिक अस्थायी आश्रय में मौजूद थे। जिला आपदा नियंत्रण कार्यालय का कहना है कि उनमें से 20 को बचा लिया गया जबकि नौ लापता हैं। पुलिस ने बताया कि बाद में भूस्खलन वाली जगह से करीब 18 किलोमीटर दूर तिलाड़ी शहीद स्मारक के पास यमुना नदी के किनारे से दो लापता मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूर नेपाली मूल के थे।

## आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को हमेशा याद किया जाना चाहिए: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधने के लिए रविवार को अपने मासिक रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं की टिप्पणियां सुनाईं और कहा कि इन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। मोदी ने अपने 'मन की बात' बात कार्यक्रम में कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, ''उन्होंने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था।'' मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पार्टी का नाम लिए बिना आपातकाल के दौर की ज्यादतियों के लिए कांग्रेस की निंदा की। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस के बीच आपातकाल को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार के तहत अघोषित आपातकाल कायम है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि जन-भागीदारी की शक्ति से, बड़े-बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''मैं आपको एक ऑडियो सुनाता हूं, इस ऑडियो में आपको उस संकट की भयावहता का अंदाजा लगेगा। वो संकट कितना बड़ा था, पहले वो सुनिए, समझिए।'' ऑडियो में आपातकाल के बाद प्रधानमंत्री रहे मोरारजी देसाई की आवाज थी, जिन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी शासन का ''उत्पीड़न'' कई वर्षों से जारी था, लेकिन आपातकाल लागू होने के बाद अंतिम दो वर्षों में यह अपने चरम पर पहुंच गया। देसाई ने कहा, ''लोगों के स्वतंत्रता के हक छीन लिए गए, अखबारों को कोई स्वतंत्रता न रही। अदालत बिल्कुल निर्बल बना दिए गए और जिस ढंग से एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में बंद कर दिया और फिर मनमाना राज होता रहा, उसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में भी मिलना मुश्किल है।''

### हम हिंदी का विरोध नहीं करते, सिर्फ उसे थोपे जाने के खिलाफ हैं : उद्धव ठाकरे

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदी का विरोध नहीं करती, बल्कि इसे ''थोपे जाने'' के खिलाफ है। दक्षिण मुंबई में एक विरोध-प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ठाकरे ने यह बात कही। इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान 17 जून के उस सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई गईं, जिसमें स्कूलों के लिए तीन भाषा नीति संबंधी निर्देश जारी किया गया था। इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस के पूर्व सांसद भालचंद्र मुंगेकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता नितिन सरदेसाई, शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे और

## हिंदी विवाद: महाराष्ट्र सरकार ने 'त्रि-भाषा' नीति पर सरकारी आदेश रद्द



**मुंबई :** महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच रविवार को राज्य मंत्रिमंडल ने 'त्रि-भाषा' नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाषा नीति के कार्यान्वयन और आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने की भी घोषणा की। समिति ने इस मुद्दे का अध्ययन और रिपोर्ट तैयार करने के लिए तीन महीने का समय मांगा है। फडणवीस ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से 12 तक त्रि-भाषा नीति लागू करने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था और नीति के कार्यान्वयन पर एक समिति गठित की थी। फडणवीस ने कहा, ''राज्य मंत्रिमंडल ने पहली कक्षा से 'त्रि-भाषा' नीति के क्रियान्वयन के संबंध में अप्रैल और जून में जारी दो सरकारी आदेश (जीआर) वापस लेने का निर्णय लिया है। (त्रि-भाषा नीति के) क्रियान्वयन की सिफारिश के लिए डॉ. नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी।''

उन्होंने कहा कि सरकार (नीति आयोग की पूर्ववर्ती संस्था) योजना आयोग के पूर्व सदस्य और पूर्व कुलपति डॉ. जाधव की रिपोर्ट के आधार पर नया फैसला लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, समिति के अन्य सदस्यों के नामों की घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी। समिति माशेलकर समिति की रिपोर्ट का अध्ययन करेगी और सुझाव देगी कि किस स्तर (कक्षा-1 या अन्य) से त्रि-भाषा नीति लागू की जाएगी।

### निर्वाचन आयोग 2003 की बिहार की मतदाता सूची जल्द सामने लाएगा

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग जल्द ही 2003 की बिहार की मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा ताकि लगभग 4.96 करोड़ मतदाता जिनके नाम इसमें शामिल हैं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नामांकन प्रपत्र के साथ संलग्न करने के लिए प्रासंगिक हिस्से को निकाल सकें। विपक्षी दलों द्वारा पुनरीक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाने के बीच मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति इसका हिस्सा न हो।

## पूर्वी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 83 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों से 33 नाबालिगों समेत 83 बांग्लादेशी नागरिकों को राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रहने के आरोप में पकड़ा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों की पहचान और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए नवंबर 2024 में शुरू किए गए विशेष अभियान का हिस्सा है। अधिकारी ने कहा, ''अभियान के तहत अब तक कुल 120 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है।'' उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए 83 लोगों में 44 महिलाएं और 39 पुरुष हैं। अधिकारी ने बताया कि ये लोग मंडावली, मयूर विहार, कल्याणपुरी, गाजीपुर तथा आनंद विहार जैसे इलाकों में रहते पाए गए। उन्होंने कहा, ''एक गुप्त सूचना के आधार पर 24 जून को चिह्नित इलाकों में कई जगह छापेमारी की गई। हिरासत में लिए गए लोगों के मोबाइल फोन से बांग्लादेशी नागरिकता से जुड़े फोटो और दस्तावेजों सहित डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए।'' पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पकड़े गए लोग भारत-बांग्लादेश सीमा पर अनधिकृत नदी मार्गों से अवैध रूप से भारत में घुसे थे और उनके पास वैध पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज नहीं थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी का अगला भाग 20 जुलाई को जारी होगा

**नयी दिल्ली :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पर लिखी गई अभिषेक चौधरी की दो भागों वाली जीवनी का दूसरा और अंतिम खंड 20 जुलाई को बाजार में आएगा। प्रकाशन गृह पैन मैकमिलन इंडिया ने रविवार को घोषणा की। 'बिलिवर्स डाइलेमा: वाजपेयी एंड द हिंदू राइट्स पाथ टू पावर'', पुरस्कृत ''वाजपेयी: द एसेन्ट ऑफ द हिंदू राइट'' (2023) की अगली कड़ी है। इसे समकालीन भारत के राजनीतिक इतिहास के रूप में वर्णित किया गया है जो 1978-2018 के बीच के महत्वपूर्ण काल पर प्रकाश डालती है, जिस दौरान ''परिवर्तनकारी 40 साल की अवधि में हिंदू दक्षिणपंथियों को हाशिये से सत्ता में आते देखा गया।'' प्रकाशक ने एक बयान के मुताबिक, यह पुस्तक कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं पर एक नया परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करती है, जिसमें जनता पार्टी के प्रयोग का पतन, राम जन्मभूमि आंदोलन और बाबरी मस्जिद का विध्वंस, भारत के 1998 के परमाणु परीक्षण, 2002 के गुजरात दंगे, गठबंधन राजनीति का उदय, संप्रग युग और वाजपेयी के अंतिम कार्यकाल के घटनाक्रम शामिल हैं। वर्ष 1998-2004 के बीच छह वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे 'भारत रत्न' से सम्मानित वाजपेयी का 2018 में 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

## मोहल्लों में गीता का संदेश फैलाने से हिंदू राष्ट्र मजबूत होगा: महाराष्ट्र के मंत्री राणे



**पुणे :** महाराष्ट्र के मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नितेश राणे ने रविवार को कहा कि यदि विचारों में परिवर्तन के लिए भगवद्गीता की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार मोहल्लों में किया जाए, तो हिंदू राष्ट्र का विचार मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता कभी भी नफरत का उपदेश नहीं देती या धर्मांतरण की वकालत नहीं करती। उन्होंने कहा, अगर इसकी शिक्षाएं मोहल्लों (मुस्लिम क्षेत्रों) तक फैलती हैं, तो उनके भी विचार बदल जाएंगे। इससे हमारा हिंदू राष्ट्र मजबूत होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भगवद्गीता की शिक्षाएं सद्भाव और विचारों के परिवर्तन को बढ़ावा देती हैं। इसका संदेश हर कोने तक पहुंचना चाहिए। पहली कक्षा से स्कूली पाठ्यक्रम में हिंदी को शामिल करने को लेकर विवाद और विपक्ष के प्रदर्शनों के बीच राणे ने कहा, किसी भी भाषा को अनिवार्य नहीं बनाया जा रहा है। छात्र चाहें, तो तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत चुन सकते हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि उन्होंने गीतकार जावेद अख्तर, अभिनेता आमिर खान या कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कभी मराठी में बोलते नहीं सुना। शिवसेना (उबाठा) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने स्कूलों में हिंदी थोपने के खिलाफ पांच जुलाई को एक संयुक्त मार्च आयोजित करने की घोषणा की है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, बेहरामपाड़ा या मोहम्मद अली रोड जैसे इलाकों में रैलियां क्यों नहीं आयोजित की जा रहीं? ये वे स्थान हैं, जहां हिंदी बोली जाती है। जिस दिन मराठी में अज़ान दी जाएगी, हमें पता चल जाएगा कि भाषा के प्रति सच्चा सम्मान है।

## हनीमून हत्याकांड: मेघालय पुलिस ने इंदौर में छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए

**शिलांग :** मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने रविवार को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजा रघुवंशी की गुम हुई सोने की चेन समेत कई अहम सबूत बरामद किए हैं। राजा की पिछले महीने सोहरा में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स के मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान यह बरामदगी की गई। इस अभियान में राजा और उसकी पत्नी सोनम के सोने के आभूषण, लैपटॉप और अन्य सामग्री जब्त की गई। ईस्ट खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विवेक सेयम ने कहा कि जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज साक्ष्य के तौर पर महत्वपूर्ण हैं और 23 मई की हत्या के मामले में और तथ्य सामने आ सकते हैं। सेयम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उपनिरीक्षक एंथनी खोंगसिट और करण पचुआ ने एसआईटी टीम का नेतृत्व किया और समन्वित अभियान के दौरान अलकापुरी पुलिस स्टेशन के कर्मियों ने उनका सहयोग किया। एसआईटी ने राजा रघुवंशी की हत्या के पीछे रची गई साजिश का भंडाफोड़ किया। राजा और सोनम के लापता होने के 10 दिन बाद राजा का शव दो जून को वेइसाडोंग फॉल्स के पास बरामद किया गया था। जांच अधिकारियों के अनुसार, राजा-सोनम ने 22 मई को शहर के कीटिंग रोड से एक स्कूटर किराए पर लिया था और सोहरा की यात्रा की थी।

## अमरनाथ यात्रा: महिला सुरक्षाकर्मियों सहित बीएसएफ जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बढ़ाई सुरक्षा



**बोबिया :** भीषण गर्मी, उमस व दुश्मन की चालों के खतरे से बेपरवाह वर्दी पहने और एके राइफल से लैस महिला सुरक्षाकर्मी जम्मू सीमांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। तीन जुलाई से 38 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा दो मार्गों से होकर गुजरती है, जिनमें से एक अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा पहलगाम मार्ग है, वहीं दूसरा गांदरबल जिले का 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग, जो छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला रास्ता है। ये दोनों रास्ते 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाते है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिवर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट पहने दुनिया के सबसे बड़े सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की महिला सैनिक सीमा पर गश्त लगाती हैं, निगरानी उपकरणों के साथ सीमा रेखा की निगरानी करती हैं और जम्मू, सांबा व कठुआ जिलों में एक उन्नत बहु-स्तरीय सुरक्षा ग्रिड के हिस्से के रूप में अपने पुरुष समकक्षों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दिन-रात अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करती हैं।

## भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन श्री गुंडिचा मंदिर में मौसी के घर पहुंचे

**पुरी :** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ के कुछ घंटों बाद रविवार को भक्त भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र की पवित्र 'पहंडी बिजे' देखने के लिए श्रद्धा के साथ एकत्र हुए। भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। 'अडापा मंडप बिजे' के नाम से मशहूर इस अनुष्ठान का बहुत महत्व है। इस अनुष्ठान के दौरान भगवान जगन्नाथ को उनके भाई-बहन के साथ श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाता है। यह मंदिर 12वीं शताब्दी के मंदिर से लगभग तीन किलोमीटर दूर है और यह भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों की मौसी का घर है। रथ यात्रा के दौरान देवता अपनी मौसी के घर जाते हैं और वहां सात दिन तक रहते हैं और फिर अपने मुख्य निवास जगन्नाथ मंदिर लौट आते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार गुंडिचा मंदिर वह स्थान है जहां भगवान विश्वकर्मा ने भगवान जगन्नाथ और उनके भाई,बहन की लकड़ी की मूर्तियों का निर्माण किया था। एक प्रकार से गुंडिचा मंदिर को भगवान जगन्नाथ का जन्मस्थान भी माना जाता है। जब तीनों देवताओं को रथों से उतारकर गुंडिचा मंदिर के गर्भगृह की ओर ले जाया जा रहा था तो वातावरण 'जय जगन्नाथ' और 'हरिबोल' के जयघोष से गूंज उठा। भगवान बलभद्र को सबसे पहले मंदिर में ले जाया गया, उसके बाद देवी सुभद्रा को।

## हिमाचल में भारी बारिश का 'रेड अलर्ट', रातभर वर्षा के बाद शिमला-कालका रेल लाइन बंद



**शिमला :** शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया, वहीं शिमला-कालका रेल लाइन पर सेवाएं रात भर हुई बारिश के बाद पटरियों पर गिरे मलबे और पेड़ों को हटाए जाने तक घंटों तक स्थगित रहीं। पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही राज्य में मानसून की शुरुआत से मरने वालों की संख्या 20 हो गई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि ऊना और बिलासपुर जिलों में एक-एक व्यक्ति डूब गया, जबकि शिमला जिले में ऊंचाई से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शिमला और चंडीगढ़ को जोड़ने वाले शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-5) पर कोटी के निकट भूस्खलन से सड़क के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके परिणामस्वरूप यातायात प्रभावित हुआ। सोलन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव सिंह ने रविवार को कहा कि भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुए एनएच 5 पर चक्की मोड़ के पास यातायात बहाल कर दिया गया है और पुलिस दल यातायात की आवाजाही में मदद कर रहे हैं।

# भारत ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा: अमित शाह



**हैदराबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा। शाह ने कहा, ''आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तैयारी भी कर ली है।

### शाह ने माओवादियों से हथियार छोड़ने, मुख्यधारा में शामिल होने को कहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इसके प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर हालत देखनी चाहिए।

## भारत में युवाओं में कैंसर के मामलों में वृद्धि का प्रमुख कारण बनता जा रहा है एचपीवी: डॉक्टर



**नयी दिल्ली :** भारत में कई कैंसर रोग विशेषज्ञों ने 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि यह युवा भारतीयों विशेषरूप से 20 से 30 साल तक की उम्र के युवाओं में कैंसर के मामलों में वृद्धि का एक प्रमुख कारक बन रहा है। 'सर्वाइकल', मुंह के कैंसर और ऑरोफरींजियल (सिर व गले के) कैंसर के कई मामलों का संबंध एचपीवी संक्रमण (शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर मस्से बनना) से रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो भारत रोकथाम योग्य कैंसर संकट बन जाएगा। नयी दिल्ली स्थित ऐमरिक्स कैंसर अस्पताल में मेडिकल ओंकोलॉजी के प्रमुख डॉ आशीष गुप्ता ने कहा, ''एचपीवी से संबंधित कैंसर अनुमान से कहीं पहले सामने आ रहे हैं। 20 की उम्र के आसपास के कई मरीजों में सर्वाइकल, मुंह और गले के कैंसर का पता चल रहा है, जिनमें से कई को समय पर टीकाकरण और उचित जागरूकता से पूरी तरह से टाला जा सकता था।'' डॉ गुप्ता ने कहा, ''सबसे दुखद बात यह है कि एचपीवी को रोका जा सकता है, फिर भी कई परिवारों और व्यक्तियों को इसके जोखिम के बारे में पता ही नहीं है।'' दशकों में विकसित होने वाले अन्य कैंसरों के विपरीत युवाओं में एचपीवी से संबंधित कैंसर अक्सर तेजी से और चुपचाप बढ़ते हैं। टीकाकरण और प्रारंभिक जांच के माध्यम से रोकथाम को किसी भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल के समान ही तत्परता से लिया जाना चाहिए। गुप्ता ने कहा, ''हमें एक केंद्रित, सामाजिक लोक लाज से मुक्त, देशव्यापी अभियान की आवश्यकता है जो स्कूलों, कॉलेजों और अभिभावकों तक पहुंचे।'' यह वायरस मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, दुनिया भर में सबसे आम यौन संचारित संक्रमणों में से एक माना जाता है।

## महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने



**बुलावायो :** कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज रविवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती मैच के दूसरे दिन 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बन गए। पैंतीस वर्षीय महाराज पिछले नौ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और धीरे धीरे टेस्ट प्रारूप में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने यह उपलब्धि 34वें ओवर में जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल की जिन्हें काइल वेरेने ने स्टंप किया। महाराज पूर्व ऑफ स्पिनर ह्यू टेफील्ड के 170 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। बाएं हाथ के स्पिनर महाराज के नाम अब 59 टेस्ट मैच में 202 विकेट हैं जिसमें 11 बार पांच विकेट और एक बार 10 विकेट शामिल हैं। महाराज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 166 मैच में 631 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका की नौ विकेट पर 418 रन की घोषित पहली पारी के जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 251 रन पर आउट हो गई जिसमें महाराज ने 16.4 ओवर में 70 रन देकर तीन विकेट लिए। वियान मुल्डर ने 16 ओवर में 50 रन देकर चार विकेट झटके।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्लब विश्व कप पर रिकॉर्ड छठे विश्व कप को दी प्राथमिकता



**लिस्बन :** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। रोनाल्डो ने कहा कि उनके लिये यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नासर द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, ''मेरे पास (क्लब) विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है क्योंकि मैं अच्छी तरह से आराम करना और बेहतर तैयारी करना पसंद करता हूं। यह सत्र बहुत लंबा होगा क्योंकि सत्र के अंत में विश्व कप खेला जाना है।' उन्होंने अल नासर के साथ दो साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, 'इसलिए मैं न केवल अल नासर के लिए बल्कि राष्ट्रीय टीम के लिए भी तैयार रहना चाहता हूं।' चालीस वर्षीय रोनाल्डो ने तीन हफ्ते पहले स्पेन के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ पुर्तगाल को नेशंस लीग ट्रॉफी जीतने में मदद की थी। इसके पहलेऐसी अटकलें थीं कि वह अमेरिका में चल रहे क्लब विश्व कप में खेलने के लिए किसी अन्य क्लब से जुड़ सकते हैं।

### इंग्लैंड पर भारत के खिलाफ पहले महिला टी20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**नॉटिंघम :** इंग्लैंड पर भारत के खिलाफ पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जिसमें मेहमान टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी। एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रैफरी की हेलेन पैक ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंकने के बाद इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को एक बयान में कहा, 'खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता का अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति उल्लंघन से संबंधित है जिसके अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।'

# भारत ने एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया



**चियांग माई (थाईलैंड) :** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने रविवार को यहां तिमोर लेस्ते पर 4-0 की शानदार जीत के साथ एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। विंगर मनीषा कल्याण (12वें और 80वें मिनट) ने शानदार दो गोल किए जबकि अंजू तमांग (58वें मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (86वें मिनट) ने एक एक गोल दागा। भारतीय महिला टीम ने मैच में शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बना ली थी। इस जीत के साथ भारत अब दो मैच में छह अंक के साथ ग्रुप बी में इराक और थाईलैंड से आगे शीर्ष पर है। इराक और थाईलैंड दिन में एक दूसरे से भिड़ेंगे। पांच टीम के ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करना अभी मुश्किल है लेकिन भारत ने लगातार दो शानदार प्रदर्शन करके निश्चित रूप से मजबूत दावा पेश किया है। भारत ने पहले मैच में मंगोलिया पर रिकॉर्ड 13-0 की जीत दर्ज की थी जिससे टीम आत्मविश्वास से भरी हुई थी।

## बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर है भारत, कुलदीप को खिलाना चाहिए: अजहरुद्दीन

**हैदराबाद :** पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि भारत को अपने गेंदबाजी आक्रमण में अधिक अनुभव जोड़ने और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बोझ कम करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। लीड्स में पहले टेस्ट में भारतीय टीम पांच विकेट से हार गई जिसमें मेहमान टीम विकेटों के लिए बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर थी। अजहरुद्दीन ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, 'वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिल-ाना चाहिए।' अब भारतीय टीम दो जुलाई से बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में खेलेगी जिसमें पिच सूखी रहने की उम्मीद है जिससे कुलदीप को कुछ मदद मिल सकती है। भारत ने कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन का अच्छा स्कोर बनाया था। केएल राहुल और पंत के शतकों की मदद से उन्होंने दूसरी पारी में 364 रन बनाए। लेकिन दोनों ही पारियों में मध्य और अंतिम क्रम के बल्लेबाजों के विफल होने के कारण मेहमान टीम मजबूत स्कोर या लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। अजहरुद्दीन ने टीम संयोजन को सही रखने की बात की ताकि टीम को लीड्स की हार से बाहर निकाला जा सके।

# रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल मैच के भावनात्मक पलों को याद किया



**नयी दिल्ली :** रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी20विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था। रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा, '13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता।विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था। मैं पूरी रात सो नहीं पाया। मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे।' उन्होंने कहा, 'क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था लेकिन अंदर से काफी 'नर्वस' था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे ही जग गया था। मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था।' उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि मैं सोच रहा था, 'दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जायेगा।' भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार कैच को फाइनल का निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा, 'सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं।' रोहित ने कहा,'मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गयी है।' सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा, '' मिलर ने जब शॉट मारा तब मुझे लगा कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंद में 10 रन बनाने हैं लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्यकुमार के हाथों में चली गयी।' उन्होंने कहा, '' इस कैच को पकड़ना काफी मुश्किल था। उस कैच पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीमा रेखा को पार कर जाएगी। शायद हवा ने गेंद को थोड़ा मैदान की ओर खींच लिया।'' रोहित ने कहा कि जब तीसरे अंपायर कैच की जांच कर रहे थे तब उन्होंने सूर्याकुमार से इसके अच्छी तरह लपकने के बारे में पूछा जिस पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कैच सही तरीके से पकड़ लिया है।

## टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाना बहुत खास है: स्मृति मंधाना



**नॉटिंघम :** भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं। मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैं पावर हिटर नहीं हू और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं।' इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'इस प्रारूप में शतक बनाना वास्तव में खास है। मैंने टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट में भी शतक लगाए हैं, लेकिन यह दोनों प्रारूप मेरी बल्लेबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं।' मंधाना ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि वह यहां पहले मैच में शतक लगाने में सफल रहेगी।

## सुरुचि, नीरज और सम्राट राणा राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल्स में चमके

**देहरादून :** सुरुचि इंदर सिंह ने रविवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़कर जीत हासिल की जबकि नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष स्पर्धा में चमकदार प्रदर्शन किया। सितारों से सजे फाइनल में सुरुचि ने 245.6 का स्कोर बनाया जो मनु भाकर से 1.1 अंक बेहतर था। भाकर ने 244.5 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अनुभवी राही सरनोबत 223.1 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। दिन के पहले फाइनल में सम्राट राणा ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्पर्धा में अंतिम शॉट में 10.5 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि सौरभ केवल 9.6 का स्कोर ही बना सके। सम्राट ने 241.7 का स्कोर बनाया जबकि सौरभ ने 241.5 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। आदित्य मालरा 217.8 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज कुमार ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दो ट्रायल जीते। नौसेना के इस जवान ने 463 अंक बनाए जो ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर से दो अंक बेहतर थे। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अखिल श्योराण 448.8 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल सुरेश कुसाले 438.4 के साथ चौथे स्थान पर रहे।





## जोमैटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल की विमानन क्षेत्र पर नजर, एलएटी एयरोस्पेस के साथ बढ़ सकते हैं आगे



**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो के सह-संस्थापक दीपिंदर गोयल अब एलएटी एयरोस्पेस के साथ क्षेत्रीय हवाई यात्रा खंड में संभावनाएं तलाश रहे हैं। एयरोस्पेस स्टार्टअप की सह-संस्थापक सुरभि दास ने एक लिंक्डइन पोस्ट में यह जानकारी दी। विमानन उद्यम पर गोयल का दांव भारत में क्षेत्रीय हवाई यात्रा को फिर से परिभाषित कर सकता है, जो अभी शुरुआती चरण में है। दास ने पोस्ट में कहा, 'जोमैटो बनाने और पूरे भारत में उड़ान भरने के दौरान, दीपिंदर और मैं एक ही बात बार-बार सोच रहे थे कि क्षेत्रीय हवाई यात्रा अब भी इतनी बिखरी क्यों है – अगर आप महानगरों में नहीं रहते तो यह महंगी, कम और ज्यादातर पहुंच से बाहर है। भारत में 450 से ज़्यादा हवाई पट्टियां हैं- लेकिन सिर्फ 150 पर ही वाणिज्यिक उड़ानें होती हैं। इसका मतलब है कि हमारी विमानन क्षमता का लगभग दो-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि दूसरी ओर दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में लाखों लोग सड़क या रेल से यात्रा करने में घंटों, कभी-कभी पूरा दिन बिता देते हैं।

## अपने स्वर्ण भंडार को 12.5 किलो की सोने की ईंट के रूप में रखता है आरबीआई



**नयी दिल्ली :** देश में हर घर की तरह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने की अहमियत को समझता है। यही कारण है कि वह 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और वर्तमान में यह लगभग 870 टन पहुंच गया है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गयी है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। जहां अमेरिका में यह लगभग 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में कुल नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। 'आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी' शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गयी है। इसमें पहली बार आरबीआई ने अपने 'गोल्ड वॉल्ट' (तिजोरी) को दिखाया है। वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार, 'केंद्रीय बैंक 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में लगभग 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है।

# यूपी की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि उप्र खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और तकनीक का मानक बन गया है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रविवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है।' उन्होंने कहा कि 'उत्तर प्रदेश की 'एक लाख करोड़ डॉलर' की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है।' विभागीय कार्यों की अद्यतन प्रगति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है, जो इस क्षेत्र की लगातार प्रगति और विभाग की दक्षता को दर्शाता है। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हाल के वर्षों में फॉस्फोराइट, लौह अयस्क और स्वर्ण जैसे मुख्य खनिजों के पट्टों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि स्पष्ट, पारदर्शी और प्रोत्साहक नीतियों के चलते अदाणी समूह, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर गहरी रुचि दिखा रही हैं। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टर कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए।

### परिधान मेला में भाग लेंगे भारत के लगभग 360 प्रदर्शक, 79 देशों के खरीदार

**नयी दिल्ली :** यहां राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले परिधान मेले में भारत के लगभग 360 प्रदर्शक विभिन्न उत्पाद पेश करेंगे। एईपीसी ने रविवार को बताया कि मेले में ब्रिटेन, स्पेन, ग्रीस, इटली, फ्रांस और जर्मनी समेत 79 देशों के खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है। आईआईजीएफ एक से तीन जुलाई तक आयोजित होगा। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय परिधान मेला (आईआईजीएफ) में यूरोपीय संघ (ईयू), अमेरिका और अन्य पश्चिमी बाजारों की जरूरतों के हिसाब से तैयार नवीनतम चलन के परिधान पेश किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक ब्रांड धीरे-धीरे भारत से आयात बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही भारत पर्यावरण अनुकूल विनिर्माण पद्धति अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। देश का रेडीमेड कपड़ों का निर्यात चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 12.8 प्रतिशत बढ़कर 2.88 अरब डॉलर हो गया है।

## रिलायंस के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी को मिलेगा 10-20 करोड़ रुपये वेतन, लाभ कमीशन



**नयी दिल्ली :** अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे पुत्र और तीन भाई-बहनों में सबसे पहले प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए अनंत अंबानी को सालाना 10-20 करोड़ रुपये का वेतन और कंपनी के मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे। शेयरधारकों को भेजी गई सूचना में यह जानकारी दी गई है। जहां सबसे अमीर एशियाई के तीनों बच्चे – जुड़वां आकाश और ईशा, और अनंत को 2023 में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में तेल-से-दूरसंचार-और-खुदरा समूह के निदेशक मंडल में शामिल किया गया था, वहीं सबसे छोटे अनंत को इस साल अप्रैल में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया था। गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में, तीनों को कोई वेतन नहीं मिल रहा था और प्रत्येक को वित्त वर्ष 2023-24 में चार लाख रुपये का शुल्क और 97 लाख रुपये का लाभ पर कमीशन दिया गया था। हालांकि, कार्यकारी निदेशक के तौर पर 30 वर्षीय अनंत वेतन और अन्य आवश्यक विशेषाधिकारों के हकदार होंगे। रविवार को शेयर बाजार को दिए गए नोटिस में रिलायंस ने कहा कि नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी पोस्टल बैलेट के जरिये मांगी गई है। साल 2023 में नियुक्तियां भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी में उत्तराधिकार योजना का हिस्सा थीं, जिसे कई लोगों ने 2002 में उनके पिता की मृत्यु के बाद भाई-बहन के झगड़े से बचने के लिए अंबानी के प्रयास के रूप में देखा।

### महिंद्रा होलिडेज को 363 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला

**नयी दिल्ली :** महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसे अपने क्लब सदस्यता सेवाओं पर एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) से संबंधित जुर्माने सहित 363 करोड़ रुपये से अधिक का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वह इस संबंध में उचित प्राधिकारी के समक्ष कानूनी उपाय करने के लिए कदम उठा रही है। चेन्नई स्थित राज्य कर अधिकारी, अन्ना सलाई सेंट्रल-3 ने 28 जून, 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया। महिंद्रा होलिडेज ने कहा, 'कंपनी को प्राधिकरण से वित्त वर्ष 2018-19 के लिए 363,07,96,980 रुपये (कर के रूप में 181,53,98,490 रुपये और जुर्माने के रूप में 181,53,98,490 रुपये) की मांग का कारण बताओ नोटिस मिला है।'

## न्यूज अपडेट

### रिलायंस पावर ने 1,500 मेगावाट की गैस आधारित बिजली परियोजना की वैश्विक स्तर पर बोली लगाई

**नयी दिल्ली :** अनिल अंबानी की रिलायंस पावर लिमिटेड 1,500 मेगावाट की गैस आधारित बिजली परियोजना स्थापित करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी इस संबंध में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बोलियों में भाग ले रही है। सूत्रों ने बताया कि रिलायंस पावर ने कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और मलेशिया में गैस आधारित बिजली परियोजनाओं के लिए बोलियां दाखिल की हैं। कंपनी ने हाल ही में भूटान में दो बड़ी बिजली परियोजनाएं हासिल की हैं। इनमें एक 500 मेगावाट की सौर परियोजना है जबकि दूसरी 770 मेगावाट की पनबिजली परियोजना है। प्रस्तावित परियोजना से रिलायंस पावर के बही-खाते में महत्वपूर्ण बदलाव आने की उम्मीद है क्योंकि कंपनी का उद्देश्य इन परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण करके 2,000 करोड़ रुपये लाने का है। इस संबंध में संपर्क करने पर रिलायंस पावर के प्रवक्ता ने वैश्विक बोलियों में कंपनी के भाग लेने की खबरों की पुष्टि की।

### सिर्फ आधी योग्य कंपनियों को दूरसंचार विनिर्माण पीएलआई प्रोत्साहन मिला

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार विभाग के आंकड़ों के अनुसार दूरसंचार विनिर्माण से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 42 पात्र कंपनियों में केवल 21 को 31 मार्च, 2025 तक प्रोत्साहन मिला है। दूरसंचार विभाग ने इस साल 31 मार्च तक दूरसंचार पीएलआई योजना के तहत 1,162 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। दूरसंचार पीएलआई योजना एक अप्रैल, 2021 से लागू हुई थी और यह चालू वित्त वर्ष के अंत तक चलने वाली है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में विभाग ने कहा, '31 मार्च, 2025 तक योजना के तहत वितरित कुल प्रोत्साहन 1,162.03 करोड़ रुपये है।' जानकारी के अनुसार 42 छांटी गई कंपनियों में केवल 21 को ही प्रोत्साहन मिला है, जबकि दो कंपनियों को योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार लक्ष्य हासिल करने में विफल रहने के कारण खारिज कर दिया गया। दूरसंचार विभाग ने कहा कि दो लाभार्थियों – कोरल टेलीकॉम लिमिटेड और अल्फियन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आवेदन को पात्रता सीमा मानदंड को पूरा न करने के कारण खारिज कर दिया।

### पाकिस्तानी माल ले जाने वाले जहाजों पर भारत के प्रतिबंध से लागत बढ़ी, समय भी बढ़ा

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तानी माल ले जाने वाले जहाजों को भारत द्वारा अपने बंदरगाहों पर लंगर डालने से रोकने के कारण माल ढुलाई शुल्क और पारगमन समय में वृद्धि हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारत ने पाकिस्तान से आने या निर्यात होने वाले माल के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर दो मई, 2025 से प्रभावी व्यापक प्रतिबंध लगा दिया। समाचार पत्र 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी आयातकों ने कहा कि भारतीय प्रतिबंध के कारण माल ढुलाई का समय और शुल्क बढ़ गया है। कराची चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष जावेद बिलवानी ने कहा, भारत की इस कार्रवाई के कारण माल ढुलाई वाले बड़े जहाज पाकिस्तान नहीं आ रहे हैं, जिससे हमारे आयात में 30 से 50 दिन की देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि आयातक अब छोटे जहाजों (फीडर वेसल) पर निर्भर हैं, जिससे लागत बढ़ जाती है। निर्यातकों ने भारत द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद माल ढुलाई और बीमा लागत में भी वृद्धि की सूचना दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि निर्यात पर कुल मिलाकर प्रभाव न्यूनतम रहा है। कपड़ा क्षेत्र के निर्यातक आमिर अजीज ने कहा, निर्यात पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है..., बीमा लागत में वृद्धि को छोड़कर।

वर्ष 10, पूर्णांक 3282 अंक 092, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in